संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

22 अक्टूबर 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 09, अंक - 30

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

"सपने उन लोगों के सच होते हैं, जो उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं।"

डार्क वेब पर एसबीआई के 4,000 ग्राहकों का डेटा लीक

नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल-पते और लोन रिकॉर्ड्स से जुड़ी जानकारियां शामिल, जांच शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली । देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के हजारों ग्राहकों की निजी जानकारी डार्क वेब पर लीक होने का मामला सामने आया है। बैंक के मुताबिक, डार्क वेब पर उपलब्ध डेटा की जांच में 3,897 ग्राहक रिकॉर्ड्स में व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारियां मिली हैं। इनमें ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, घर के पते और बैंकिंग पहचान से संबंधित विवरण शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसबीआई ने जांच शुरू कर दी है और स्वतंत्र साइबर सुरक्षा एजेंसी की मदद ली है। बैंक ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि उसे 16 अक्टूबर को

डेटा लीक से संबंधित अलर्ट मिले थे। ये अलर्ट बैंक के थ्रेट इंटेलिजेंस सर्विस प्रोवाइडर, डिफेंस साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल की ओर से मिले थे। इसके बाद बैंक की तकनीकी टीम ने जांच शुरू की और साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए।

एसबीआई के अनुसार, डार्क वेब पर उपलब्ध लगभग 3.75 लाख रिकॉर्ड्स का शुरुआती विश्लेषण किया गया। इस प्रक्रिया में 3,897 रिकॉर्ड्स में ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारी पाई गई। हालांकि, डार्क वेब पर मौजूद समूचे डेटा की प्रामाणिकता, उसके वास्तविक स्रोत और लीक होने के तरीके की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। सामने आए रिकॉर्ड्स में ग्राहकों के नाम, लिंग, जन्मतिथि, पंजीकृत मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और आवासीय पते जैसी जानकारियां शामिल हैं। इसके अलावा शाखा कोड, कस्टमर इंफॉर्मेशन फाइल से जुड़े पहचान विवरण, लीड आईडी और लोन आवेदन से संबंधित मेटाडेटा भी होने की बात कही गई है।

एसबीआई ने मामले की जांच के लिए डियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम से जुड़ी एक स्वतंत्र साइबर सुरक्षा एजेंसी की मदद ली है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि डेटा कितना प्रामाणिक है, उसका स्रोत क्या है और ग्राहकों की जानकारी के दुरुपयोग की कितनी आशंका है। बैंक ने कहा है कि वह मामले की निगरानी कर रहा है और लागू नियमों के अनुसार जरूरी कदम उठाएगा।

एसबीआई ने स्पष्ट किया है कि इस घटना का उसके मुख्य कारोबारी परिचालन, बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय प्रदर्शन और कामकाज की निरंतरता पर कोई असर नहीं पड़ा है। बैंक के मुताबिक, सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं।

पीएम की विदेश यात्रा संबंधी रिकॉर्ड नहीं होंगे सार्वजनिक

राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत सुरक्षा का हवाला

● सूचना आयोग का रिकॉर्ड जारी करने का आदेश रद्द

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से संबंधित भारतीय वायुसेना के उड़ान रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखते हुए वायुसेना के सूचना देने से इनकार करने के फैसले को सही ठहराया।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने अपने एक फैसले में कहा, कि ऐसे रिकॉर्ड में

संवेदनशील जानकारियां हो सकती हैं, जिनके सार्वजनिक होने से सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। मामला पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं से संबंधित रिकॉर्ड मांगे जाने से जुड़ा था। दरअसल सेवानिवृत्त कमोडोर लोकेश के. बत्रा ने जून 2018 में सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन दाखिल कर अप्रैल 2013 के बाद प्रधानमंत्री की भारतीय वायुसेना के विमानों से हुई विदेश यात्राओं के रिकॉर्ड मांगे थे। उनका उद्देश्य इन यात्राओं में शामिल गैर-सरकारी व्यक्तियों पर हुए सार्वजनिक खर्च की जानकारी प्राप्त करना था। भारतीय वायुसेना ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों का हवाला देते हुए सूचना देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मामला केंद्रीय सूचना आयोग के पास पहुंचा। आयोग ने संवेदनशील जानकारियां हटाकर रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। वायुसेना ने इस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी।

नाम हटाने से भी सुरक्षा जोखिम खत्म नहीं

सुनवाई के दौरान वायुसेना की ओर से दलील दी गई कि उड़ान रिकॉर्ड में यात्रियों, विमान के कर्मचारियों और विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के कर्मियों से संबंधित संवेदनशील विवरण हो सकते हैं। एजेंसी के अनुसार, केवल नाम हटाने से जानकारी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाती। दूसरी सार्वजनिक जानकारियों के साथ मिलान करने पर भी यात्रा कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विवरण सामने आ सकते हैं। हाईकोर्ट ने वायुसेना की इस दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में सक्षम एजेंसियों के सुरक्षा आकलन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

संक्षिप्त खबरें

आशुतोष रांका और सौरव दास को मिली जमानत

नई दिल्ली । कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को 7 दिन बाद दिल्ली की स्पेशल कोर्ट से जमानत मिल गई है। दोनों को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। 8-10 सीजेपी समर्थकों के साथ दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंचे थे।

टीवी चैनल राष्ट्रविरोधी सामग्री न दिखाएं : सरकार

नई दिल्ली । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों के लिए बुधवार को एक सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि वे आतंकवाद-रोधी अभियानों की लाइव कवरेज से बचें, भड़काऊ बहस और राष्ट्रविरोधी सामग्री न दिखाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल में सावधानी बरतें।

खुलासा : अनुकंपा पर नौकरी पाने के लिए पत्नी ने कराई सीसीएलकर्मी पति की हत्या

पत्नी, उसका कथित प्रेमी और एक नाबालिग साजिश में थे शामिल

संवाददाता

हजारीबाग । हजारीबाग जिले के गिद्दी में सीसीएलकर्मी मंगलेश पाल उर्फ हैप्पी की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, अनुकंपा के आधार पर नौकरी हासिल करने की मंशा से मंगलेश की पत्नी सोनाली ने अपने कथित प्रेमी कौशिक कुमार नोनिया और एक नाबालिग के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार सहित कई अन्य सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

सोमवार को गिद्दी में आयोजित प्रेस

वार्ता में बड़कागांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अमित आनंद ने बताया कि मंगलेश की हत्या की साजिश सोनाली और कौशिक पिछले एक साल से रच रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इससे पहले भी साजिश को अंजाम देने की कई कोशिशें की गई थीं, लेकिन वे सफल नहीं हो पाई थीं। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगलेश की हत्या के बाद सोनाली अनुकंपा के आधार पर नौकरी हासिल करना चाहती थी। हत्या के बाद उसने कथित तौर पर मनगढ़ंत कहानी बनाकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्य जुटाए, जिनके आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ी गईं। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस ने घटनास्थल की जांच और आरोपितों से पूछताछ के बाद कई अहम सामान बरामद किए हैं। इनमें खून से सनी दाउली, चाकू, पोछा, दो मोबाइल फोन, मृतक और उसकी पत्नी के जले हुए मोबाइल तथा आरोपितों के खून से सने कपड़े और चप्पल शामिल हैं। पुलिस इन सामानों को जांच के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य मान रही है।

मुख्यमंत्री ने कसमार-बरलंगा मुख्य सड़क का किया निरीक्षण, चाय-पकौड़ी का भी लिया स्वाद

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को बोकारो जिले में निर्माणाधीन कसमार-बरलंगा मुख्य सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सड़क के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और क्षेत्र में आवागमन की दृष्टि से इसकी उपयोगिता पर ध्यान दिया। वापसी के क्रम में मुख्यमंत्री ने सेवाती घाटी का भी निरीक्षण किया और वहां की भौगोलिक स्थिति तथा सड़क मार्ग का जायजा लिया।

कसमार-बरलंगा मुख्य सड़क क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण से आसपास के गांवों और क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति के साथ स्थानीय आवागमन की परिस्थितियों का भी जायजा लिया।

सड़क निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री कसमार के तीनकोनिया चौक स्थित एक स्थानीय दुकान पर पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी धर्मपत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ बैठकर गरमा-गरम चाय और पकौड़ी का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री के इस तरह स्थानीय दुकान पर पहुंचने से वहां मौजूद लोगों में उत्सुकता देखने को मिली। इस दौरान उन्होंने सहज माहौल में स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना।

कोलकाता : पत्नी का गला काट मंदिर में चढ़ाया, पिता को भी उतारा मौत के घाट

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के बांकुरा के एक घर में दो लोगों की हत्या कर दी गई। आरोप है कि एक शख्स ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी और उसके बाद उसका सिर काटकर घर के मंदिर में चढ़ा दिया। उसके बाद शख्स ने अपने पिता की भी हत्या कर दी और हाथ में चाकू लेकर गांव में घूमने लगा। यह घटना दामोदर नदी के किनारे लाल बाबा मनाचर इलाके में हुई, जो बांकुड़ा जिले के सोनामुखी पुलिस स्टेशन और पश्चिम बर्धमान जिले के कांक्सा पुलिस स्टेशन की सीमा के पास है1 सूत्रों के मुताबिक आरोपी मंगल चौधरी है। उस पर पत्नी रुंपा चौधरी और पिता राजेंद्र चौधरी की हत्या करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि मंगल ने पहले अपनी ऊंगली काट ली। उसके बाद घर में पत्नी की हत्या कर दी और उसका सिर काटकर घर के मंदिर में त्रिशूल के सामने रख दिया। उसके बाद उसने अपने पिता को भी मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात से गांव में डर का माहौल है।

मंगल को अपनी घायल उंगली के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत अदालत के सामने पेश नहीं किया जा सका, क्योंकि उसका इलाज चल रहा था।

अब ट्रेन में तेज आवाज में मोबाइल पर गाना या रील्स चलाई तो लगेगा जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली । ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल पर तेज आवाज में गाने, वीडियो या रील्स चलाना अब आपको मुसीबत में डाल सकता है। दक्षिण रेलवे ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ सख्ती के निर्देश जारी किए हैं, जिनकी हरकतों से दूसरे यात्रियों को असुविधा होती है। रेलवे के सर्कुलर में 1,000 रुपए तक के जुर्माने और जरूरत पड़ने पर उस व्यक्ति को ट्रेन से उतारा जा सकता है। ट्रेन में सफर के दौरान अगर आपकी भी मोबाइल पर तेज आवाज में रील, वीडियो या गाने चलाते हैं तो संभल जाइए। अब आपके खिलाफ यात्री शिकायत कर सकते हैं और फिर आप पर एक्शन भी हो सकता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण रेलवे ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ सख्ती करने के निर्देश जारी किए हैं। रेलवे का कहना है कि सार्वजनिक जगहों पर मोबाइल के स्पीकर से तेज आवाज में कंटेंट चलाना दूसरे यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनता है। इस तरह की हरकतों पर रोक लगाने के लिए यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी हो सकती है। दक्षिण रेलवे ने अपने सभी डिवीजनों को भेजे गए सर्कुलर में रेलवे स्टेशनों और ट्रेन के डिब्बों में मोबाइल पर तेज आवाज में संगीत या वीडियो चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई।

संताल परगना सहित कई जिलों में 27 को बारिश की संभावना

संवाददाता

रांची । झारखंड के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में 27 अक्टूबर को कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी। राज्य के जिन जिलों में बारिश होने की संभावना है उनमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के अलावा राज्य के दक्षिण-पूर्वी जिले शामिल हैं।

विभाग के अनुसार 22 अक्टूबर से राज्य के कई जिलों में सुबह में कुहासा छाने और इसके बाद दिनभर मौसम साफ रहने की संभावना है।

साथ ही विभाग की ओर से बताया गया कि अगले पांच दिनों में राज्य भर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी प्रकार का बदलाव नहीं होगा।

इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33.8 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया।

उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची सहित राज्य भर में दिन में हल्की गर्मी जबकि शाम में ठंड महसूस हो रही है। वहीं, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पलामू में युवक की गोली मारकर हत्या

संवाददाता

पलामू । जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के बेदानी खुर्द गांव में बुधवार देर शाम साढे सात बजे अपराधियों ने तूलेश्वर महतो (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना युवक के दरवाजे पर हुई। घटना के समय तूलेश्वर घर में खाना खा रहे थे। घर से बाहर बुलाकर उन्हें गोली मारी गयी। घटना को दो नकाबपोश अपराधियों ने अंजाम दिया। हालांकि गोली लगने पर तूलेश्वर महतो को बेहतर इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वारदात की सूचना मिलते ही तरहसी थाना प्रभारी राजेश रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वजह और आरोपितों की पहचान की जा सके। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों से मिल रही जानकारी के अनुसार, तूलेश्वर महतो पंजाब में काम करते थे और उनकी पहली शादी पंजाब में ही हुई थी। बताया जा रहा है कि उनकी पहली पत्नी पंजाब में रहती हैं, जबकि करीब चार से छह महीने पहले उन्होंने पांकी थाना क्षेत्र के डंडार गांव में दूसरी शादी की थी। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि पहली पत्नी ने इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, इन जानकारियों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

आदिवासी वोटरों को सहेजने की कवायद

राज्य और राजनीति

चंदन मिश्र

झारखंड में विधानसभा में तीन साल और लोकसभा के चुनाव में अभी दो साल से ज्यादा वक्त है। लेकिन भाजपा ने पिछले तीन चुनावों में अपने से दूर हुए वोटरों को सहेजने और अपने पाले में करने की कवायद शुरू कर दी है। भाजपा ने इसके लिए सांगठनिक ढांचे में कई बदलाव किए हैं। संगठन महामंत्री और प्रदेश प्रभारी के पद पर आदिवासी नेताओं को बैठाया है। दोनों नेता छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के हैं। दोनों ने आते ही बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से अपना काम आरंभ किया।

भाजपा से 2019 और 2024 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोटरों ने दूरी बना ली। इसका नतीजा हुआ कि 2019 के विधानसभा में आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में मात्र दो और 2024 के विधानसभा के चुनाव में मात्र एक सीट मिली। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पांच आरक्षित सीटों में से एक भी सीट नहीं मिली थी। भाजपा के लिए यह बहुत बड़ा झटका था।

तब से भाजपा इसी जुगत में लगी है कि अपने से दूर हुए आदिवासी वोटरों को कैसे लुभाए और अपने साथ जोड़े। भाजपा ने इसके लिए सांगठनिक फेरबदल का काम शुरू किया। कई जिलों के जिलाध्यक्ष बदले, प्रभारी बदले और संगठन महामंत्री बदले। सब कुछ इसलिए कि आदिवासी वोटर वापस आए।

झारखंड में भाजपा की आदिवासी चिंता नई नहीं, 24 साल पुरानी है। वर्ष 2000 से 2014 तक आदिवासी वोटरों के दृष्टिकोण से भाजपा का स्वर्णकाल था। जब झारखंड अलग राज्य बना तो भाजपा ने संताल आदिवासी बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाया। उनके बाद अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री बनाया गया। वह मुंडा आदिवासी समुदाय से आते हैं। उस दौर में भाजपा को 35-40 प्रतिशत आदिवासी वोट मिलता था। संतालपरगना, कोल्हान में भाजपा ज्यादा सीटें जीतती थी।

2014-2019 - रघुवर दास का दौर टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। 2014 में भाजपा ने पहली बार गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया था। उस समय रघुवर दास सरकार ने आदिवासियों को लेकर जो फैसले लिए, उसका आदिवासी समाज ने जोरदार विरोध किया। विपक्ष ने भी भाजपा को आदिवासी विरोधी और आदिवासी जमीन छीनने वाली सरकार करार दिया। नतीजा 2019 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी भाजपा से दूर हो गए और 28 में से मात्र दो सीट पर भाजपा को संतुष्ट होना पड़ा। फिर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को आदिवासियों की नाराज़गी झेलनी पड़ी। लोकसभा में पांच में से एक भी आदिवासी सीट भाजपा नहीं जीत पाई। विधानसभा चुनाव में स्थिति और खराब हो गई। सिर्फ एक आदिवासी सीट, सरायकेला से चंपई सोरेन की सीट जीत पाई।

पिछले 60 दिनों में भाजपा ने झारखंड में सात बड़े बदलाव किए। भाजपा ने गजेंद्र सिंह पटेल को नया झारखंड का प्रभारी नियुक्त किया। इसके पहले यूपी के लक्ष्मीकांत बाजपेयी इस पद पर थे। यूपी से ही कर्मवीर सिंह प्रदेश संगठन महामंत्री थे। उन्हें छत्तीसगढ़ भेजा गया और उनकी जगह छत्तीसगढ़ के निवासी और संगठन महामंत्री पवन साय को झारखंड की जिम्मेवारी सौंपी गई। वह छत्तीसगढ़ के जशपुर राजपरिवार से आते हैं। छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी नेता है। वह दो बार सांसद और एक बार विधायक रह चुके हैं। 20 साल तक छत्तीसगढ़ में संगठन महामंत्री रहे, जहां भाजपा ने 15 साल में 45 प्रतिशत आदिवासी वोट बनाए रखा। पवन साय सादरी, छत्तीसगढ़ी, हिंदी और उड़िया भाषा जानते और बोलते हैं।

पवन साय ने आते ही तीन निर्देश जारी किए। बूथ की नई परिभाषा- पहले बूथ पर 21 सदस्य, जिसमें ज्यादातर शहरी। अब - हर बूथ पर 11 सदस्य, जिसमें 5 आदिवासी अनिवार्य, 2 महिला, 1 युवा। और हर बूथ अध्यक्ष आदिवासी गांव में ही रहेगा, शहर में नहीं।

शेष पेज 2 पर..

गयाजी सर्किट हाउस में एसी ब्लास्ट से मची अफरा-तफरी, विदेश मंत्रालय के निदेशक बाल-बाल बचे

घटना पर प्रेम कुमार ने जताई चिंता, उच्चस्तरीय जांच की मांग

एजेंसी

गयाजी । बिहार के गयाजी स्थित सर्किट हाउस के कमरा संख्या तीन में बुधवार को एसी में विस्फोट के बाद आग लग गई। घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सर्किट हाउस के जिस कमरे में आग लगी, उसके बगल के कमरा संख्या दो में विदेश मंत्रालय के निदेशक मनोज कुमार अपनी पत्नी के साथ ठहरे हुए थे। वे गयाजी में पूजा-पाठ करने आए थे। प्रशासन ने पहले उन्हें कमरा संख्या तीन आवंटित किया था, लेकिन उन्होंने अपनी इच्छा से कमरा संख्या दो चुना था।

बुधवार की दोपहर कमरा संख्या तीन में एसी ब्लास्ट की यह घटना हुई। विस्फोट होते ही कमरे से आग और धुएं की तेज लपटें उठने लगीं, जिससे सर्किट हाउस के कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मनोज कुमार और उनकी पत्नी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

इस घटना के समय बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार भी सर्किट हाउस में ही रुके हुए थे। हादसे की जानकारी मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने विदेश मंत्रालय के डायरेक्टर मनोज कुमार से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और भगवान का शुक्रिया अदा किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने फोन पर बातचीत में कहा कि यह एक वीवीआईपी कमरा है जहां न्यायाधीश और राज्यपाल जैसे लोग रुकते हैं। ऐसे में एसी ब्लास्ट होना बेहद संवेदनशील मामला है। जिला प्रशासन वीवीआईपी इंतजाम की खामियों को देखते हुए घटना की उच्चस्तरीय जांच करें।

रांची में नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या,आरोपित गिरफ्तार

रांची। रांची के मुरी ओपी क्षेत्र के सिल्ली में 17 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मारदू गांव निवासी भागवत महतो उर्फ भगवान दास के रूप में हुई है।डीएसपी मनीष चंद्रलाल ने बुधवार को बताया कि बताया कि भगवान दास के खिलाफ दुष्कर्म के अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसकी निशानदेही पर मोबाइल व कपड़े बरामद किया गया है।उल्लेखनीय है कि गत 18 अक्टूबर की रात युवती मेला घूमकर लौट रही थी। लेकिन वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तालाश की। उसका शव छापरगढ़ा स्थित जंगल से बरामद किया गया था।आरोप है कि मेला से लौटते वक्त रास्ते में ही भगवान दास ने युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया, फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने शव को जंगल में फेंक दिया और खुद गायब हो गया।घटना के बाद सिल्ली इलाके में आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने आरोपित का पता लगाने और गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने दो दिनों के भीतर आरोपित भगवान दास को गिरफ्तार कर लिया।भगवान दास ने पुलिस को बताया है कि उसने फोन करके युवती को बुलाया था। फिर उसके साथ संबंध बनाया और उसकी हत्या कर दी।

सड़क हादसे में मां और बच्चे की मौत

हजारीबाग । हजारीबाग रोड स्थित बरही चौक पर बुधवार को एक सड़क हादसे में मां और उसके चार वर्षीय बेटे की मौत हो गई।वहीं, महिला के साथ मौजूद तीन अन्य बच्चे बाल-बाल बच गए।हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। सड़क पर बिखरे बच्चों के खिलौने दुर्घटना की भयावहता बयां कर रहे थे। मृतका की पहचान बाराचट्टी थाना क्षेत्र के केवलिया गांव निवासी उर्मिला देवी के रूप में हुई है। उनके पति दिनेश सिंह मुंबई में काम करते हैं। हादसे में जान गंवाने वाले चार वर्षीय बच्चे का नाम दीपांशु कुमार था। उर्मिला देवी अपने चार बच्चों के साथ टाटीझरिया के खैरा-करमा से अपने ससुराल बाराचट्टी जा रही थीं।बताया जाता है कि दुर्गापूजा मनाने के बाद वह बच्चों के साथ घर लौट रही थीं। इसी दौरान बरही चौक पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि उर्मिला देवी और उनके बेटे दीपांशु कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, उनके साथ मौजूद तीन अन्य बच्चे सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर बरही थाना ले जाया गया।

लापता सहिया की गला दबाकर हत्या

पलामू । जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के बसना गांव में एक 30 वर्षीय महिला का शव बुधवार दोपहर धान के खेत से मिला। उसकी हत्या गला दबाकर की गई है और शरीर पर चोट के निशान भी हैं। महिला की पहचान गीता देवी के रूप में हुई है। गीता देवी सहिया थी।महिला मंगलवार की रात दुर्गा पूजा देखने गई थी, जिसके बाद वह लापता हो गई थी। परिजनों और ग्रामीणों ने अपहरण की आशंका जताते हुए मेदिनीनगर-औरंगाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया था, जिससे आवागमन ठप रहा। करीब तीन घंटे तक एनएच को जाम रखा गया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाकर जाम हटवाया और महिला की तलाश शुरू की। इसी दौरान बसना गांव के एक धान के खेत से उसका शव बरामद हुआ। हत्या का आरोप गांव के ही एक आपराधिक प्रवृत्ति के युवक पर लगा है।आरोपित की बाइक महिला के घर के पास मिली थी, जिससे अपहरण की आशंका और बढ़ गई थी। नावाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपित की तलाश की जा रही है।

ओझा-गुणी के संदेह में बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

पलामू । पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत के मांगराडीह गांव में अंधविश्वास में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां ओझा-गुणी करने के संदेह में 61 वर्षीय बुजुर्ग सीताराम की धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है, जिससे पूरे इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल व्याप्त हो गया है।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, गांव का ही 30 वर्षीय युवक विवेक कुमार बीते 10 दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहा था और उसका इलाज जारी था। विवेक के परिजनों को पड़ोस में रहने वाले बुजुर्ग सीताराम पर संदेह था कि उन्होंने उस पर ओझा-गुणी या टोना-टोटका किया है। इसी बात को लेकर विवेक के परिवार वाले भारी आक्रोश में थे। सुबह आवेश में आकर आरोपित पक्ष के किसी सदस्य ने सीताराम पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए छतरपुर के डीएसपी प्रशांत कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।फिलहाल पुलिस मृतक के पड़ोसियों और परिजनों से गहन पूछताछ कर रही है। डीएसपी प्रशांत कुमार के अनुसार, विवेक के परिवार के किस सदस्य ने इस वारदात को अंजाम दिया है, यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और आरोपितों की पहचान कर उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

झारखंड के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने पर चेंबर और विदेश मंत्रालय में चर्चा

रांची । फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी अनीमेश चौधरी के बीच बुधवार को चेंबर भवन रांची में अहम बैठक हुई।बैठक में झारखंड के उद्योग, खनिज, कृषि आधारित उत्पादों और विनिर्माण क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने और आयात-निर्यात को बढ़ावा देने की बात पर व्यापक विचार विमर्श किया गया।बैठक में निर्यात की व्यावहारिक चुनौतियों, व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार और वैश्विक बाजारों तक राज्य के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने पर चर्चा हुई।चेंबर के महासचिव रोहित अग्रवाल और प्रवक्ता विनीता सिंघानिया ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विदेश मंत्रालय में डायरेक्टर और 2011 बैच के आईएफएस अधिकारी अनीमेश चौधरी के समक्ष चेंबर पदाधिकारियों ने निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाने, व्यापारिक बाधाएं दूर करने और स्थानीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जोड़ने के सुझाव रखे गए। चौधरी ने इन मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए भविष्य में चेंबर के साथ समन्वय बनाए रखने और निर्यात प्रोत्साहन के लिए सहयोग की संभावनाएं तलाशने का आश्वासन दिया।वहीं चेंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा कि झारखंड में औद्योगिक एवं कृषि आधारित उत्पादों के निर्यात की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए बेहतर सुविधाएं और व्यापारिक संपर्क जरूरी हैं। विदेश मंत्रालय के साथ निरंतर संवाद से निर्यात संबंधी समस्याओं के समाधान और नए अवसरों के विकास में मदद मिल सकती है।बैठक में सह सचिव अमित शर्मा, पूजा ढाढा, कोषाध्यक्ष नवजोत अलंग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

चोरी करने वाले सात अपराधी गिरफ्तार

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस ने चोरी की घटनाओ को अंजाम देने वाले सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बुधवार प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी से सरिया, धनवार, बिरनी और बगोदर थाना क्षेत्रों के 13 चोरी कांडों का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए गठित विशेष टीम ने अपराधियों के पास से करीब 3 लाख 70 हजार रुपये मूल्य का 24.5 ग्राम गलाया हुआ सोना, 25 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल, दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

देश को गृहयुद्ध में झोंकने और अर्थव्यवस्था को बेपटरी करने की कोशिश : संजय सेठ

संताल एक्सप्रेस

पलामू। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ एक दिवसीय दौरे पर बुधवार को पलामू पहुंचे। उन्होंने जिले के विश्रामपुर के आरसीआईटी स्थित विश्राम गृह में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी से मिलकर उनकी पत्नी तेतरी देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधाया और श्राद्धकर्म में शामिल होने का आश्वासन भी दिया।विश्रामपुर जाने से पहले मंत्री संजय सेठ ने पलामू परिसदन में पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत को गृहयुद्ध में झोंकने की कोशिश की जा रही है। देश की व्यवस्था और अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए राहुल गांधी एवं अन्य संगठनों पर कई आरोप लगाए।संजय सेठ ने कहा कि, दुर्गा पूजा के दौरान पूरे देश के लोग पंडालों में मौजूद हैं, लेकिन राजकुमार विदेश भाग गए हैं।

राहुल गांधी का एक भी फोटो या सोशल मीडिया पोस्ट दुर्गा पूजा पर नहीं आया। उन्हें दुर्गा पूजा पंडाल में होना चाहिए था, लेकिन वे देश छोड़कर भाग गए। उन्हें देश का तीज-त्योहार पसंद नहीं है। संसद की कार्यवाही के दौरान भी वे देश छोड़कर भाग जाते हैं। सत्ता के बिना इनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।रिजीम चेंज पर संजय सेठ ने कहा कि देश की जनता एकजुट है। कुछ लोग फ्रांस-इटली की तरह देश को बनाना चाहते हैं, लेकिन देश का युवा सब कुछ समझ रहा है। विदेशी पैसे से भारत को गृहयुद्ध में झोंकने और अर्थव्यवस्था को डिरेल करने का प्रयास किया गया है।रक्षा राज्य मंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का समर्थन किया और मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों के नाम हटाने की बात कही।उन्होंने साफ कहा कि घुसपैठिये कांग्रेस का वोट बैंक रहे हैं। एक भी घुसपैठिया देश में नहीं रहेगा, उसे देश से बाहर भेजा जाएगा। जो लोग चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, वे घुसपैठियों को वोट बैंक मानते रहे हैं। देश की कोई भी जनता घुसपैठियों को वोटर के रूप में नहीं चाहती। एसआईआर एक सतत प्रक्रिया है। क्या दूसरे देश से आने वाले को वोट देने का अधिकार दे दिया जाए। क्या ऐसे लोग देश के प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री को चुनें। देश की कोई भी जनता इसे नहीं चाहेगी।प्रेस वार्ता के दौरान डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, लवली गुप्ता, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डॉ. बीपी शुक्ला, मंडल अध्यक्ष विकास चौबे, भोला चंद्रवंशी, इदरीस हवारी, अरुण सिंह, रवींद्रनाथ उपाध्याय सहित कई लोग उपस्थित थे।

रांची में दुर्गोत्सव संपन्न, 176 पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन

संताल एक्सप्रेस

रांची। राजधानी रांची में भक्ति और आस्था के संगम के बीच दुर्गोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का शहर के तालाबों में विसर्जन किया गया। इससे पहले पूजा समितियों की ओर से विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाओं को वाहनों में लेकर नाचते-गाते बड़ा तालाब, चडरी तालाब, अरगोड़ा तालाब, जगन्नाथ तालाब सहित अन्य जलाशयों तक पहुंचे।दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा और अन्य प्रतिमाओं को तालाबों में विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ टीम तैनात किए गए थे। प्रतिमा विसर्जन करने वाले लोगों पर प्रशासन की पैनी नजर थी। इसके अलावा नगर निगम की टीम भी तैनात रही। मूर्तियों को तालाब से बाहर निकालने के लिए नगर निगम हमेशा अलर्ट रही। तालाब को साफ बनाए रखने के लिए सफाई कर्मी भी मौजूद रहे।यहां भक्तों के जरिये सभी प्रतिमाओं की सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। देवी-देवताओं को

आरती उतारी गई। फूल माला पहनाई गई। भजन एवं भक्ति गीत गाए गए। सभी प्रतिमाओं के जयकारे लगाए गए। इस मौके पर भक्तों ने घर परिवार में खुशहाली बनी रहे इस कामना के साथ मूर्ति विसर्जन किया गया। भक्तों ने मां को पुकारा और फिर आना मां की प्रार्थना की।शाम ढलते-ढलते रांची के सभी पंडाल वीरान और सुनसान हो गए, जो कुछ घंटे पहले तक रंग-बिरंगी रोशनी, मेलों की रौनक, बच्चों की हंसी और लोगों की भीड़ से गुलजार थे। मां की प्रतिमा के विसर्जन के बाद अब वहां बांस, बल्लियों और लकड़ियों का ढांचा ही शेष रह गया। विजयादशमी का यह दिन केवल एक पर्व के समापन का प्रतीक नहीं, बल्कि इस अटूट विश्वास की नई शुरुआत भी है कि मां दुर्गा अगले साल फिर लौटेंगी और भक्तों के आंगन को रोशन करेंगी।पूजा समितियों के जरिये इस बार छोटे-बड़े कुल 176 पंडाल बनाए गए थे। इन सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश और भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं को पूजा पंडालों में स्थापित किए गए थे। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सभी समितियों के लिए अलग-अलग तालाब चिन्हित की गई थी। नगर निगम की ओर से चिन्हित तालाबों में करीब 1000 मिट्टी से बने प्रतिमाओं को विधि विधान से तालाबों में विसर्जन की गई।मां दुर्गा की विदाई पर मंदिरों में हुआ सिंदूर खेला, महिलाओं ने एक-दूसरे को लगाया सिंदूर मां दुर्गा की विदाई के अवसर पर बुधवार को राजधानी के प्रमुख मंदिरों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महिलाओं की ओर से सिंदूर खेला का आयोजित हुआ। इस दौरान बंगाली परंपरा के अनुसार, महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन के बीच पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।मेन रोड स्थित दुर्गा बाड़ी में सिंदूर खेला कार्यक्रम में हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया। यहां महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर उत्सव की परंपरा निभाई। श्रद्धालुओं में मां के प्रति गहरी आस्था और विदाई का भाव देखने को मिला। महिलाओं ने मां से सभी श्रद्धालुओं पर कृपा बनाए रखने और अगले वर्ष फिर आगमन की प्रार्थना की।मेन रोड स्थित दुर्गा बाड़ी, हरिमती मंदिर, कांटाटोली के अलावा नेताजी क्लब स्थित मंदिर, हिनू दुर्गा पूजा समिति, देशप्रिय क्लब और हिंदपीढ़ी के बैशाखी संघ में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर बंगाली परंपराओं के अनुसार, महिलाओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। मां दुर्गा की

बोकारो में युवक की हत्या का खुलासा नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर वारदात

संताल एक्सप्रेस

बोकारो। झारखंड के बोकारो में माराफारी थाना क्षेत्र के बीएसएल झोपड़ी कॉलोनी में युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर हुए विवाद के बाद युवक की हत्या की गई। मामले में विशेष टीम ने मुख्य आरोपी सूरज कुमार उर्फ भूरा (28) को गिरफ्तार किया है।मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि घटना 17 और 18 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात डोमपाड़ा के नीचे कृष्ण मंदिर के पास हुई थी। आरोपी कथित तौर पर पैसे मांग रहा था। पैसे नहीं मिलने पर विवाद बढ़ा और युवक की हत्या कर दी गई।इस मामले में 18 अक्टूबर को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने जांच के लिए विशेष टीम गठित की। तकनीकी साक्ष्यों, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। पुलिस ने घटनास्थल से आरोपी का बताया गया गमछा, चप्पल और 'हर-हर महादेव' लिखा गंजी बरामद किया। परिजनों ने इन वस्तुओं की पहचान की है। पुलिस इन्हें जांच में अहम साक्ष्य मान रही है। डीएसपी के मुताबिक, आरोपी की मां और बहनों ने भी उसके गुस्सैल स्वभाव के बारे में जानकारी दी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

रांची में आज से पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता

रांची। झारखंड पुलिस का 15 वां अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 22 से 26 अक्टूबर तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा।प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के पुलिस संगठनों और केंद्रीय पुलिस संगठनों की 29 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में कुल 432 खिलाड़ी 37 स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 अक्टूबर की सुबह 10 बजे बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव में होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

ढोल-नगाड़ों से किन्नर समाज ने दी मां दुर्गा को विदाई

धनबाद। विजयादशमी के अवसर पर धनबाद में किन्नर समाज ने पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मां दुर्गा की विदाई और कलश विसर्जन किया। झारखंड किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुनैना किन्नर अपने पूरे समाज के साथ इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच किन्नर समाज के सदस्य झूमते-गाते हुए मां दुर्गा को विदाई देने निकले। पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा एवं कलश का तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।विसर्जन के बाद लौटते समय जगह-जगह महिलाओं ने सुनैना किन्नर और उनके समाज के सदस्यों से सिंदूर लगवाया तथा आशीर्वाद लिया। इस दौरान सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और धार्मिक आस्था की सुंदर झलक देखने को मिली। किन्नर समाज के सदस्यों ने भी लोगों को आशीर्वाद देते हुए सभी के सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की।झारखंड किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुनैना किन्नर ने कहा कि आज विजयादशमी का पावन दिन है। इस अवसर पर मां दुर्गा की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर उन्हें विदाई दी गई है। उन्होंने मां दुर्गा से पूरे कोयलांचल की जनता के लिए सुख-समृद्धि, शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।सुनैना किन्नर ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा सभी पर बनी रहे। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, व्यापारी भाइयों, चिकित्सा कर्मियों, मीडिया कर्मियों और धनबाद की तमाम जनता पर माता रानी अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

हाथी के हमले में घायल दूसरे भाई की भी मौत

गिरिडीह । बिरनी प्रखण्ड के बंगराकला में बीते 24 सितम्बर की रात्रि को झुंड से भटके एक जंगली हाथी ने घर से शौच के लिए निकले बुधन यादव को अपने चपेट में ले लिया था।आवाज सुनकर घर से बाहर निकला उसका छोटा भाई महादेव यादव को भी हाथी ने अपने चपेट में ले लिया था।घटना में दोनों भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया दोनो का इलाज अलग अलग अस्साल में चल रहा था कि इसी बीच 9 दिन पूर्व बुधन यादव की मौत हो गयी थी घर मे बुधन यादव की दसवी की तैयारी की जा रही थी इसी बीच बुधन का छोटा भाई महादेव की भी मौत 25वे दिन धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। घटना के बाद परिवार के ऊपर दुखो का पहाड़ टूट गया। गांव मे दुर्गापूजा की खुशी मातम में बदल गया।परिजनो ने ग्रामीणों के सहयोग से देर शाम को दाह संस्कार कर दिया। स्थानीय ग्रामीण बिजय कुमार भारती ने कहा कि हाथी के हमले में दूसरा भाई महादेव की भी मौत हो गयी है।दो भाइयों के मौत से पूरे गांव के साथ परिवार में मातम है।

शालू जिन्दल 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित

नई दिल्ली । जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल को नई दिल्ली में आयोजित 19वें इंडिया सीएसआर लीडरशिप समिट एंड अवॉर्ड्स 2026 में 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृत्व देखभाल, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुए जिन्दल को यह सम्मान प्रदान किया गया है। उनके नेतृत्व में जिन्दल फाउंडेशन की प्रमुख पहल अब तक 2,300 से अधिक वंचित गांवों तक पहुंच चुकी है। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर पोषण, सुरक्षित मातृत्व और आर्थिक अवसरों से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। एनीमिया की जांच, उपचार और परामर्श के माध्यम से 9 लाख से अधिक किशोरियों को सहायता दी गई है।

गिरिडीह में सड़क हादसे में अधिवक्ता और पत्नी की मौत

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह में सड़क हादसे में अधिवक्ता सहदेव नारायण चौधरी (71) और उनकी पत्नी माया देवी (65) की मौत हो गई। हादसा रानिखाव-जमुआ मुख्य मार्ग पर उसरी नदी पुल के पास हुआ। दंपती देवरी स्थित अपने गांव मनिकबाद से पूजा कर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही कार से बचने की कोशिश में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में माया देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सहदेव नारायण चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पति-पत्नी की एक साथ मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर उपायुक्त रामनिवास यादव, उपमहापौर सुमित कुमार और अन्य अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। दुर्घटना में शामिल कार और फरार चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर हादसे के कारणों का पता लगाया जाएगा।

रावण को मारने के लिए खुद राम बनकर रावण का करना होगा वध : प्रदीप वर्मा

रांची । राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने समाज से आधुनिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। त्रेतायुग में भगवान राम ने रावण का वध किया था, लेकिन आज के समय में हमारे समाज में जब बुराई रूपी रावण सामने आये तो, उनसे मुकाबले के लिए लोगों को स्वयं राम की भूमिका निभानी होगी और खुद रावण का वध करना होगा। उन्होंने कहा कि रावण दहन केवल परंपरा नहीं, बल्कि बुराइयों के विरुद्ध संकल्प लेने का अवसर है।वर्मा टाटीसिलवे में दशहरा समिति की ओर से आयोजित रावण दहन समारोह में बोल रहे थे।उन्होंने यूरोप के हालात का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की विशेषता उसका जागरूक समाज और जनभागीदारी है। उनके अनुसार, समाज को आसुरी प्रवृत्तियों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।समिति की ओर से बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व कुलपति रवींद्र नाथ भगत, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, समिति अध्यक्ष शंकर प्रसाद साहू, संरक्षक जैलेंद्र कुमार, जनप्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि मौजूद थे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का 23 को स्वागत करेंगे कार्यकर्ता, 27 को भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा

रांची । भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला की संगठनात्मक बैठक बुधवार को रातू रोड स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में हुई।बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक सीपी सिंह, महापौर रौशनी खलखो, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, मनोज सिंह, नीरज कुमार, सुनीता सिंह, अमित कुमार, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, बलराम सिंह सहित जितेंद्र वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।इस दौरान आगामी 23 अक्टूबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के रांची प्रवास और 27 अक्टूबर को प्रस्तावित लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ यात्रा÷ की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। देश में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की ओर से नैरेटिव फैलाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर 22 अक्टूबर को आयोजित होगा रेल जन संवाद

रांची / हाजीपुर । भारतीय रेल द्वारा स्टेशन पर स्वच्छता से संबंधित विशेष अभियान-06 के अंतर्गत दिनांक 22 अक्टूबर, 2026 को देशभर के सभी रेलवे स्टेशनों पर एक दिवसीय 'रेल जन संवाद' का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा बेहतर यात्री सुविधा के निर्माण में जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।इस अभियान के तहत पूर्व मध्य रेल के सभी प्रमुख एवं अन्य स्टेशनों पर रेल जन संवाद आयोजित किया जाएगा। संवाद के दौरान यात्रियों, युवाओं एवं अन्य हितधारकों स्वच्छ रेल एवं बेहतर यात्री सुविधाओं जैसे टिकटिंग, कैटरिंग आदि से संबंधित सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए जाएंगे तथा शिकायतों एवं फीडबैक को संकलित कर उनकी समीक्षा की जाएगी और उनके समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही यात्रियों को कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण करने तथा रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।शिकायतों एवं फीडबैक को उनके स्वरूप के अनुसार तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा - अल्पकालिक समस्याएं, जिनका त्वरित समाधान संभव है; मध्यम अवधि की समस्याएं, जिनके लिए संबंधित विभागों के समन्वय एवं नियोजित कार्रवाई की आवश्यकता है; तथा दीर्घकालिक समस्याएं, जिनके समाधान के लिए नीतिगत निर्णय, विस्तृत योजना अथवा उच्चाधिकारियों की स्वीकृति आवश्यक होगी।अभियान की प्रभावी निगरानी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्यालय, मंडल एवं संबंधित इकाइयों के स्तर पर नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

फादर बेनेदिक बारला पर हमले के विरोध में साढ़े पांच घंटे एनएच जाम

खूंटी । आरसी बालक मध्य विद्यालय, खूंटी के प्रधानाध्यापक फादर बेनेदिक बारला पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में बुधवार को खूंटी में जमकर आक्रोश देखने को मिला। हमले से नाराज मसीही समुदाय सहित आदिवासी समुदाय के लोगों ने भगत सिंह चौक पर करीब साढ़े पांच घंटे तक एनएच जाम रखा। आंदोलनकारियों ने बाजार टांड़ के पास भी सड़क अवरुद्ध कर दी और शहर की कई दुकानों को बंद करा दिया। इससे खूंटी-सिमडेगा, खूंटी-चाईबासा और खूंटी-तमाड़ मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात बाधित होने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।आंदोलन के दौरान एंबुलेंस और विसर्जन के लिए ले जाई जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा को आवागमन की छूट दी गई, जबकि अन्य वाहनों, यहां तक कि दोपहिया वाहनों को भी जाम से गुजरने नहीं दिया गया। आंदोलनकारी हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी और मामले में ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे थे।अपराह्न दो बजे बीडीओ सह सीओ ज्योति कुमारी जाम स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास किया। बाद में कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम एवं एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा भी मौके पर पहुंचे और जाम समाप्त करने का प्रयास किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद एसडीएम दीपेश कुमारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन आंदोलनकारी डीसी और एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

पेज एक का शेष

आदिवासी वोटरों को सहेजने की कवायद...............

मंडल अध्यक्ष गांव में सोएगा। हर मंडल अध्यक्ष को महीने में 15 दिन गांव में रात बितानी होगी। फोटो भी भेजनी होगी। पार्टी के हर पदाधिकारी को तीन महीने में कम से कम एक आदिवासी भाषा - संताली, मुंडारी, हो, कुडुख में से एक का 100 शब्द सीखना होगा।लक्ष्मीकांत वाजपेयी यूपी के ब्राह्मण नेता, झारखंड की जमीन नहीं समझ पाए। नए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री सौदान सिंह बनाए गए हैं। मध्य प्रदेश के संगठन महामंत्री, 1990 से संघ के प्रचारक, मध्य प्रदेश के आदिवासी जिलों - झाबुआ, मंडला, डिंडोरी में भाजपा को जिताने वाले रहे हैं।सौदान सिंह का फॉर्मूला 25-25-50 है। 25 प्रतिशत टिकट एसटी को, भले ही जनरल सीट हो।25 प्रतिशत समय आदिवासी त्योहारों में - सरहुल, करमा, सोहराय, टुसू में जाना अनिवार्य। 50 प्रतिशत फंड आदिवासी क्षेत्रों में खर्च होने चाहिए।सूत्रों के मुताबिक भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड के लिए 2026-27 में 35 करोड़ का बजट दिया है, जिसमें 20 करोड़ सिर्फ आदिवासी क्षेत्रों के लिए। पहले ये बजट 12 करोड़ था।अब जोहार से आदिवासी समाज का दिल जीतना है। भाजपा ने 200 कार्यकर्ताओं को संताली, मुंडारी और हो भाषा सिखाने के लिए रांची यूनिवर्सिटी से टाईअप किया। पहले नेता भाषण देते थे - भाइयों और बहनों। अब - जोहार, इंग संथाल रेन गे, भाजपा रेन गे (जोहार, मैं संथाल हूं, भाजपा से हूं)। भाषा दिल जीतती है।भाजपा ने शनिवार-रविवार को हाट में स्टॉल लगाना शुरू किया।पीएम आवास में कितने आदिवासी को घर मिला ।उज्ज्वला में कितनी आदिवासी महिला को गैस मिली।जनधन में कितना पैसा आया।भाजपा ने पहली बार 2017 की गलती मानी। संगठन महामंत्री पवन साय ने गुमला में कहा - ÷उस समय हमसे भूल हुई, सीएनटी/एसपीटी से छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए थी। ये बड़ी बात है। भाजपा ने कभी माफी नहीं मांगी। अब माफी मांगकर कह रहे हैं - हम जमीन के रक्षक हैं।और नया वादा - हम पेसा कानून पूरी तरह लागू करेंगे, ग्राम सभा को ताकत देंगे।झारखंड की एक कहावत है - आदिवासी को लुभाना है तो आदिवासी बनना पड़ता है, आदिवासी को खरीदना नहीं। पार्टी अब आदिवासी बनने की कोशिश कर रही है - भाषा, प्रतीक, चेहरा सब आदिवासी।पर सवाल - आदिवासी मानेगा? या कहेगा - नकल कर रहे हो, असल नहीं।अभी तो इतना तय है - भाजपा को आदिवासी वोट की चिंता सता रही है, और चिंता में संगठन बदल रहा है। चिंता अच्छी है, क्योंकि चिंता ही बदलाव लाती है।

गोड्डा में देवियों की चैतन्य झांकी ने दर्शकों का मन मोहा

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। शारदीय नवरात्र के पावन मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से जिला मुख्यालय के महिला कॉलेज में देवियों की चैतन्य झांकी कार्यक्रम आयोजित किया गया। अष्टमी तिथि से देवियों की चैतन्य झांकी की शुरुआत हुई, जो 3 दिनों तक चला। खास बात यह है कि देवियों की भूमिका में स्कूली बच्चियां शामिल थीं। मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, देवाधिदेव महादेव, प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवान आदि की भूमिका में बच्चियां एवं बच्चे शामिल थे।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गोड्डा केंद्र की संचालिका बीके पूनम बहन की अगुवाई में आयोजित देवियों की चैतन्य झांकी कार्यक्रम को सफल बनाने में हलधर भाई, वीरेंद्र भाई, राजीव भाई, फूलन भाई, श्रीकांत भाई, सुनील भाई, बीके सीमा बहन, बीके ज्योति बहन, बीके पीका बहन, बीके रागिनी बहन, बीके कंचन बहन, बीके श्वेता बहन, शांति माता, तारा माता का सराहनीय

योगदान रहा।मां दुर्गा की भूमिका का निर्वाह राखी भारती, लक्ष्मी माता का पीहु जायसवाल, मां सरस्वती का अनोखी, महिषासुर का डीगन, कार्तिकेय का रक्षा, गणेश भगवान का बीगु, भगवान शंकर का रोहिणी जायसवाल, मां पार्वती का आराध्या ने किया।

शाम 6 से रात्रि करीब 9 बजे तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान तीनों दिन दर्शकों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने भी कार्यक्रम का दीदार किया। देवियों की चैतन्य झांकी को दर्शकों की ओर से काफी वाहवाही मिली।

स्वास्थ्य सेवाओं और पशुधन योजना को लेकर डीसी सख्त

जामताड़ा। समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आयुष, स्वास्थ्य विभाग, रक्तदान जागरूकता, स्वास्थ्य भवन निर्माण तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। बैठक में योजनाओं की प्रगति की पड़ताल करते हुए अधिकारियों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित करने और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से नियमित शिविर लगाने का निर्देश दिया, ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।स्वास्थ्य भवनों की समीक्षा के दौरान 15वें वित्त आयोग, पीएम-एबीएचआईएम और एनएचएम के तहत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट मांगी गई। निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं करने तथा अधूरे दस्तावेजों पर नाराजगी जताते हुए पूर्ण प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित होने को कहा गया।स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एएनएम और सीएचओ के प्रदर्शन की नियमित निगरानी, टीकाकरण में शत-प्रतिशत उपलब्धि तथा आवासीय विद्यालयों और जनजातीय बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन एक सप्ताह में पूरा करने को कहा गया।बैठक में डीडीसी असीम किस्पोट्टा, आईटीडीए निदेशक जुगनू मिंज, सिविल सर्जन डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा, डॉ. अवधनाथ यादव, डॉ. निलेश कुमार, परेश यादव, डॉ. शैलेंद्र प्रसाद, बिपिन कुमार और राहुल रंजन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई

संताल एक्सप्रेस जामताड़ा। दुर्गा पूजा के समापन पर जामताड़ा, मिहिजाम और रेलनगरी चित्तरंजन में बंगाली समुदाय की पारंपरिक रस्म सिंदूर खेला श्रद्धा, उमंग और भावुकता के साथ मनाई गई। विजयादशमी के अवसर पर पूजा मंडपों में महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर सुख-समृद्धि, पारिवारिक खुशहाली और अखंड सौभाग्य की कामना की।पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने मां दुर्गा के माथे और चरणों में सिंदूर चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर इस उत्सव को आपसी प्रेम, सौहार्द और खुशियों के रंगों से सराबोर कर दिया। लाल सिंदूर से सजे चेहरे और महिलाओं का उत्साह पूजा पंडालों में बंगाली संस्कृति की खूबसूरत झलक पेश कर रहा था।तीनों क्षेत्रों के विभिन्न पूजा मंडपों में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हालांकि, जैसे-जैसे प्रतिमा विसर्जन का समय नजदीक आया, उत्सव की रौनक भावुक विदाई में बदलने लगी। मां को विदा करते समय कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।बंगाली परंपरा के इस विशेष अनुष्ठान ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं ने 'आसछे बोछोर आबार होबे' यानी अगले वर्ष फिर होगा, के विश्वास के साथ मां दुर्गा से दोबारा आगमन की प्रार्थना की। सिंदूर खेला के साथ ही उत्सव का समापन हुआ और भक्तों के मन में मां के अगले आगमन की उम्मीद जाग उठी।

जामताड़ा पुलिस केंद्र में शहीदों को सलामी

जामताड़ा। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस केंद्र, जामताड़ा में कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में शहीदों की वीरता, साहस और राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया।पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों को नमन किया। इस दौरान अनुशासित परेड के माध्यम से शहीदों को सलामी भी दी गई।मौके पर डीएसपी मुख्यालय नीलम कुजूर, एसडीपीओ वसीम रजा, साइबर डीएसपी अमित कुमार रविदास, परिचारी प्रवर अजीत कुमार चौबे सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।एसपी शंभु कुमार सिंह ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों की कुर्बानी कभी भुलाई नहीं जा सकती। उनका अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा पुलिस बल के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

जामताड़ा प्लेटफॉर्म-2 पर लिफ्ट का काम शुरू

जामताड़ा। जामताड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर-दो पर लिफ्ट लगाने का काम शुरू हो गया है। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं और भारी सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माण पूरा होने के बाद कोर्ट रोड, मातृ आश्रम, श्रीपल्ली और थाना रोड के निवासियों का आवागमन भी आसान हो सकेगा।अब तक स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर-एक की ओर लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध थी। दूसरी ओर जाने के लिए यात्रियों को फुट ओवरब्रिज की लंबी और घुमावदार चढ़ाई पार करनी पड़ती थी। इससे खासकर बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानी होती थी।

महिला की मौत के बाद जागे ग्रामीण, युवाओं ने भरें गड्ढे

मेहरमा। प्रखंड क्षेत्र के अमौर-डोय मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। ऐसे में सड़क की मरम्मत नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को खुद पहल करते हुए चंदा इकट्ठा किया और गड्ढों को भरने का काम किया। इस दौरान नीमा गांव के नवयुवक प्रभाकर कुमार, राजीव कुमार, रामजी कुमार, सोनू कुमार, गौरव कुमार, सौरभ कुमार, अमर कुमार और आनंद कुमार समेत अन्य युवाओं ने कुदाल उठाकर सड़क के गड्ढों को भरने में योगदान दिया।

विजयादशमी पर आदिवासियों का सांकेतिक विरोध



मेहरमा। विजयादशमी के अवसर पर जहां जिले भर में मां दुर्गा की विजय और महिषासुर वध की मान्यता के साथ उत्सव मनाया गया, वहीं गोड्डा जिले के बलबड्डा में संताल आदिवासी समुदाय ने अपनी अलग ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मान्यता के तहत सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। करीब 150 साल पुराने बलबड्डा दुर्गा पूजा पंडाल में पारंपरिक सैन्य वेशभूषा में पहुंचे आदिवासियों ने 'बोलो-बोलो मेरा महिषा कहां है' का उद्घोष कर अपनी परंपरा और भावनाओं को अभिव्यक्त किया।संताल समाज में विजयादशमी के दिन इस तरह का सांकेतिक प्रदर्शन करने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। समुदाय के लोग महिषासुर को अपना पूर्वज और इष्ट मानते हैं। उनकी मान्यता है कि महिषासुर की हत्या छलपूर्वक की गई थी। इसी कारण वे विजयादशमी को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि अपने पूर्वज के वध से जुड़ी पीड़ा और स्मृति को व्यक्त करने के अवसर के रूप में भी देखते हैं।इसी परंपरा के तहत आदिवासियों की टोली पारंपरिक सैन्य वेशभूषा में बलबड्डा दुर्गा पूजा पंडाल पहुंची। यहां उन्होंने प्रतिमा के सामने अपने पूर्वज महिषासुर को याद करते हुए सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

दुर्गा मेला मैदान में दुर्गा पूजा के अवसर पर संताली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

संताल एक्सप्रेस

हनवारा । थाना क्षेत्र के संग्रामपुर दुर्गा मेला मैदान में दुर्गा पूजा के अवसर पर संथाली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संथाली संस्कृति, परंपरा और लोककला की शानदार झलक देखने को मिली। कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य और संगीत के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान संथाली गीतों की धुन पर कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों की प्रस्तुति ने मेले की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी

संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की भीड़ जुटी। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।दुर्गा पूजा के अवसर पर संग्रामपुर मेला मैदान में हर वर्ष विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रमों से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।संथाली कार्यक्रम के आयोजन से पूरे मेला परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय कला और संस्कृति को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ऊर्जानगर स्टेडियम में रावण दहन

हनवारा संवाददाता । महागामा के ऊर्जानगर स्थित राजेंद्र स्टेडियम में विजयादशमी के पावन अवसर पर मंगलवार देर शाम रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव और उल्लास का माहौल देखने को मिला। रावण दहन के ऐतिहासिक और आकर्षक दृश्य को देखने के लिए बिहार और झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग स्टेडियम पहुंचे। आयोजन के दौरान करीब 60 हजार लोगों की भीड़ जुटने की बात कही गई।कार्यक्रम को लेकर लोगों में सुबह से ही खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। शाम होते-होते राजेंद्र स्टेडियम में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में रावण दहन देखने पहुंचे। पूरा स्टेडियम लोगों की भीड़ से खचाखच भर गया और चारों ओर विजयादशमी के उत्साह का माहौल छा गया।रावण दहन के दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया। आसमान में आतिशबाजी की चमक और मैदान में उमड़ी भीड़ के उत्साह ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। जैसे ही रावण के पुतले का दहन हुआ, दर्शकों के बीच उत्साह देखने लायक था।

बलबड्डा में मां दुर्गा को दी गई विदाई

मेहरमा। बलबड्डा थाना क्षेत्र में आयोजित दुर्गा पूजा मेला मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता और रावण दहन कार्यक्रम मेले के मुख्य आकर्षण रहे। मां दुर्गा की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र के दौरान प्रतिदिन सुबह पूजा-अर्चना और गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं, वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया। विजयादशमी पर आयोजित आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें दलदली गोपालपुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। टीम के कप्तान सिमन मुर्मू सहित सभी सदस्यों को 15,001 रुपये और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।केंदुआ की टीम दूसरे स्थान पर रही। कप्तान विजुआ हेम्ब्रम सहित टीम के सदस्यों को 10,001 रुपये और मोमेंटो प्रदान किया गया।पुरस्कार वितरण से पहले मेहरमा के अंचलाधिकारी डॉ. खगेन महतो का मेला समिति अध्यक्ष अरुण राम और उनकी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य कदमी देवी ने मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीदों को सलाम

जामताड़ा। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर रेल पुलिस पीपी चित्तरंजन परिसर में जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वीर जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि देश की सुरक्षा और आम नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों का त्याग सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर जीआरपी पीपी चित्तरंजन के प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक विमल कुमार, अवर निरीक्षक राम भंडारी, सहायक अवर निरीक्षक रवींद्र नाथ सिंह और जवान कृष्णा महतो उपस्थित थे। वहीं, आरपीएफ पोस्ट चित्तरंजन की ओर से एएसआई मोदक सहित अन्य जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

प्राथमिक शिक्षा की मजबूती से ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण : रविंद्रनाथ महतो

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। नाला प्रखंड के नतूनडीह में कौशल इंटरनेशनल प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने विधिवत नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर विद्यालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, बच्चों के सर्वांगीण विकास और नाला विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षा प्रेमियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के पूर्व प्राचार्य एवं मुख्य सलाहकार प्रोफेसर सिकंदर प्रसाद यादव, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं ट्रस्ट के सचिव कौशल किशोर, 20 सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य, प्रमुख कलावती मुर्मू, उपप्रमुख समर माजी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष, डीएसपी किशोर तिर्की तथा नाला पंचायत के मुखिया अजीत मुर्मू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

परंपरा और संस्कृति के रंग में रंगा दासांय पर्व

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। नाला प्रखंड क्षेत्र में दशहरा का पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। वहीं, संथाल आदिवासी समाज के गांवों में पारंपरिक आस्था, गुरु-शिष्य परंपरा और लोकसंस्कृति से जुड़ा दासांय पर्व भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक दासांय नृत्य और गीतों से माहौल को उत्सवमय बना दिया।बुधवार को नाला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा मंडपों तथा गांव कस्बों में पर दासांय पर्व के अवसर पर आदिवासी युवक और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित होकर ढोल, मांदर और पारंपरिक गीतों की धुन पर नृत्य करते हुए अपनी संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक प्रस्तुत की। लोगों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।दासांय पर्व संथाल समाज की पारंपरिक मान्यताओं और सांस्कृतिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। समाज में गुरुजनों और अनुभवी बुजुर्गों का विशेष सम्मान है। इस अवसर पर नवयुवक अपने इष्ट देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं तथा परंपरागत रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक ज्ञान को सीखने का प्रयास करते हैं।

करमाटांड़ में कन्या पूजन और सम्मान समारोह

करमाटांड़ । प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करमाटांड़ हटिया प्लॉट स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य कन्या पूजन सह वस्त्र वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में पूरे क्षेत्र का वातावरण माता रानी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम की शुरुआत रीति-रिवाज और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कन्याओं के चरण पखारकर की गई। मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा नौ दुर्गा के रूप में पधारीं दर्जनों छोटी-छोटी कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। भोजनोपरांत सभी कन्याओं को अंग वस्त्र एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनका आशीर्वाद लिया गया। मान्यता है कि कन्याओं का पूजन और सेवा ही साक्षात मां भवानी का पूजन है, और इसी भक्ति भाव से पूरे आयोजन का संचालन किया गया।कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण स्थानीय पत्रकारों एवं मीडियाकर्मियों का सम्मान समारोह रहा।

आदिवासी संस्कृति से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : इरफान अंसारी

जामताड़ा। प्रखंड के पहाड़पुर में बुधवार को आयोजित ऐतिहासिक यात्रा कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के पहुंचने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ी। पारंपरिक नृत्य, आदिवासी संस्कृति और सामाजिक एकजुटता के बीच मंत्री ने आदिवासी समाज की पहचान और परंपराओं की रक्षा का संकल्प दोहराया।डॉ. अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासी संस्कृति झारखंड की आत्मा है और इसे मिटाने की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके रहते यात्रा कार्यक्रम बंद नहीं होगा। आयोजन की अनुमति के नाम पर किसी थाना या पदाधिकारी द्वारा अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भी मंत्री ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि जटिल प्रक्रिया के जरिए आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दिया जाएगा तथा संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी।मंत्री ने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया कि उनके सम्मान, अधिकार और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए वे हमेशा खड़े रहेंगे।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजनीतिक सलाहकार निशपती हांसदा, बीरबल अंसारी, फैयाज कैसर, स्थानीय मुखिया, पूर्व मुखिया, मंच के प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विश्व आयोडीन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

गोड्डा। विश्व आयोडीन न्यूनता विकार नियंत्रण दिवस के अवसर पर बुधवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में फसियाडंगाल के वार्ड संख्या 19 और गोढ़ी के वार्ड संख्या 08 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला आरोग्य समितियों के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं और स्थानीय लोगों को आयोडीन के महत्व, इसकी कमी से होने वाली बीमारियों तथा आयोडीन युक्त नमक के सही इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान 50 घरों से नमक के नमूने लेकर उनकी जांच भी की गई।कार्यक्रम में यूसीएफ बेबी कुमारी ने बताया कि आयोडीन शरीर में थायराइड हार्मोन के निर्माण, शारीरिक वृद्धि और मस्तिष्क के सामान्य विकास के लिए बेहद जरूरी है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कुल 50 घरों से नमक के नमूने एकत्र कर उनकी जांच की गई। लोगों को 15 पीपीएम या उससे अधिक आयोडीन युक्त नमक का उपयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महिला आरोग्य समिति के सदस्य, यूसीएफ बेबी कुमारी, सहिया साथी ललिता सोरेन तथा सहिया मुसर्रत परवीन, तबस्सुम खातून, किरण कुमारी, गीता कुमारी और कंचन कुमारी सहित शहरी क्षेत्र की कई महिलाएं उपस्थित थीं।

बसंतराय दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने माथा टेके

बसंतराय। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने भाजपा नेता राज आनंद मंडल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से भाजपा नेता राज आनंद मंडल को गमछा एवं मां दुर्गा का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।मौके पर भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सुरेश पासवान, सीताराम खेतान, लोकनाथ गुप्ता, मुहम्मद फैय्याज, फूल कुमार सोनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

बैरिया गोदाम में 13 हजार क्विंटल खाद्यान्न की कमी का मामला गरमाया

जामताड़ा। झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर स्थित बैरिया गोदाम में खाद्यान्न की भारी कमी का मामला सामने आने के बाद फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया और प्रदेश मीडिया प्रभारी देव कुमार साव ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।एसोसिएशन के अनुसार, गोदाम में कुल 13,095.247 क्विंटल खाद्यान्न की कमी दर्ज की गई है। इसमें 11,544.947 क्विंटल चावल और 1,550.300 क्विंटल गेहूं शामिल हैं। इस मामले में 5,23,80,988 की वसूली का आधिकारिक आदेश भी जारी होने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है।एसोसिएशन ने 20 अक्टूबर 2026 को पत्रांक एफपीएसडीए-22 के माध्यम से राज्य के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने वसूली आदेश के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

रेलवे दुर्गा मंदिर में झांकी और भक्ति जागरण का आयोजन

करमाटांड़ । प्रखंड क्षेत्र में प्रसिद्ध रेलवे दुर्गा मंदिर परिसर में मां दुर्गा के पूजनोत्सव के पावन अवसर पर भव्य झांकी एवं संगीतमय भक्ति जागरण का शानदार आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मां दुर्गा के प्रति अपनी अटूट आस्था और भक्ति प्रकट करने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।कार्यक्रम की शुरुआत पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और माता की भव्य महाआरती के साथ हुई। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायकों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। जय माता दी और मां शेरावाली के जयकारों से पूरा करमाटांड़ क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।जागरण के दौरान प्रस्तुत की गई विभिन्न धार्मिक एवं पौराणिक झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव-पार्वती नृत्य, मां काली का रौद्र रूप, और श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक लीलाओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मां दुर्गा को दी गई विदाई, सुहागिनों ने खेला सिंदूर

नाला (जामताड़ा) । शारदीय दुर्गा पूजा के समापन पर नाला प्रखंड के नाला ऊपर टोला,सियारकेटिया,गढ़ेर दुर्गा, प्रखंड सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल,देवजोड़,कुलडंगाल,खाडुबाजार,बादुरमारा, मुर्गाबनी सहित विभिन्न पूजा पंडालों एवं मंदिरों में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बारी (घट) दोला विसर्जन और सिंदूर खेला का आयोजन श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस दौरान भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा को विदाई दी गई। पूजा पंडालों में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। बारी (घट) विसर्जन के दौरान पूजा समितियों के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। मां दुर्गा की आराधना के बाद घट विसर्जन की परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की।दुर्गा पूजा के समापन पर आयोजित सिंदूर खेला आकर्षण का केंद्र रहा। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने मां दुर्गा के माथे और चरणों में सिंदूर अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दीं।

जेल में बंद गैंगस्टर का अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क, आखिर किसका संरक्षण?

गुजरात की साबरमती जेल की हाई सिक्योरिटी सेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का कथित अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क भारत की कानून-व्यवस्था, जेल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि जेल की चारदीवारी के भीतर बंद कोई अपराधी देश-विदेश में बैठे अपने गुर्गों के माध्यम से धमकियां दिलवा सकता है, सुपारी देकर हत्याओं की साजिश रच सकता है और फिल्मी सितारों को निशाना बनाने की योजना बना सकता है, तो सवाल केवल एक गैंगस्टर का नहीं, बल्कि पूरे सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता का है। फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर कथित हमले के बाद सामने आई जानकारियों में आमिर खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार सहित कई फिल्मी सितारों की रेकी किए जाने के आरोपों ने मनोरंजन जगत में चिंता बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस द्वारा चार लोगों की गिरफ्तारी और उनसे पूछताछ में सामने आए कथित नेटवर्क की जानकारी मामले की गंभीरता को रेखांकित करती है। हालांकि, इन आरोपों और विभिन्न व्यक्तियों की भूमिका की पुष्टि जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया से होना आवश्यक है। जांच से संबंधित दावों में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच प्रमुख हैंडलरों और करीब 700 गुर्गों के नेटवर्क का उल्लेख किया जा रहा है। अमेरिका, कनाडा और यूरोप में बैठे कथित सहयोगियों की भूमिका भी जांच के दायरे में बताई जा रही है। टायसन बिश्नोई, अनिल पंडित, हरि बॉक्सर, हरमन संधू और हिमांशु सोनीपत जैसे नामों को नेटवर्क से जोड़कर देखा जा रहा है। आरोप है कि गिरोह नए सदस्यों की भर्ती, हथियारों की व्यवस्था, जबरन वसूली, वित्तीय प्रबंधन और सोशल मीडिया के जरिए धमकियां फैलाने जैसे काम संगठित तरीके से करता है। संगठित अपराध अब केवल स्थानीय गिरोहों तक सीमित नहीं है। डिजिटल संचार, विदेशों में मौजूद सहयोगियों और कथित वित्तीय नेटवर्क के सहारे अपराधी सीमाओं से परे जाकर गतिविधियां संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं।

लॉरेंस बिश्नोई वर्ष 2015 से जेल में है। वह 2023 से साबरमती जेल में बंद है। इसके बावजूद उसके नाम से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों और धमकियों के लगातार सामने आने की खबरें सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग करती हैं। जेलों में मोबाइल फोन मिलने, प्रतिबंधित सुविधाओं के इस्तेमाल और कैदियों के वीडियो वायरल होने जैसी घटनाएं भी चिंता बढ़ाती हैं। मूल प्रश्न है कि जेल में बंद किसी व्यक्ति के निर्देश बाहर तक कैसे पहुंचते हैं? क्या जेलों में संचार व्यवस्था की निगरानी पर्याप्त है? क्या जेल कर्मचारियों, बाहरी सहयोगियों और अवैध वित्तीय लेन-देन की प्रभावी जांच होती है? इन सवालों के जवाब तथ्यों और निष्पक्ष जांच के आधार पर सामने आने चाहिए। जब किसी गिरोह की गतिविधियों के तार अमेरिका, कनाडा और यूरोप तक जुड़ने के आरोप सामने आते हैं, तब मामला केवल भारत की आंतरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं रहता। विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों, कारोबारियों और सार्वजनिक हस्तियों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे मामलों में संबंधित देशों के साथ खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, प्रत्यर्पण प्रक्रिया, वित्तीय लेन-देन की निगरानी और संयुक्त जांच निर्णायक साबित हो सकती है। अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी और उसके विरुद्ध चल रही कानूनी प्रक्रिया के बावजूद यदि गिरोह की गतिविधियां जारी रहने के आरोप हैं, तो एजेंसियों को यह पता लगाना होगा कि नेटवर्क का संचालन किन माध्यमों से हो रहा है और उसकी आर्थिक ताकत कहां से आती है। लोकतंत्र में किसी भी सरकार की जिम्मेदारी केवल अपराधियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है, वह जेल में रहते हुए अपराध का संचालन न कर सके । यदि सुरक्षा में चूक, भ्रष्टाचार, अवैध संपर्क या प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आखिर वह कौन-सी व्यवस्था है, जिसमें जेल की सलाखें किसी अपराधी के अपराधों को बंद नहीं करा पा रही हैं? इसका जवाब बयानबाजी से नहीं, बल्कि पारदर्शी जांच, ठोस सबूतों और प्रभावी कार्रवाई से मिलेगा। फिल्मी सितारों की सुरक्षा से लेकर आम नागरिकों के जीवन तक, कानून का शासन सर्वोपरि होना चाहिए। किसी अपराधी का भय उसकी वास्तविक शक्ति से अधिक इसलिए नहीं बढ़ना चाहिए कि व्यवस्था उसके नेटवर्क को तोड़ने में असफल दिखाई दे। भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने अब चुनौती केवल लॉरेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टरों को नियंत्रित करने की नहीं, बल्कि संगठित अपराध के उस पूरे तंत्र को ध्वस्त करने की है, जो जेल की दीवारों से बाहर अपनी पहुंच बनाए रखने का दावा करता है।

कैसे रुकेगी ट्रंप की विश्व गुंडागर्दी ? दुनिया की शांति की भी तबाही मचाई

आचार्य श्रीहरि

डोनाल्ड ट्रंप जैसा नमक हराम, दगाबाज , झूठा , पैंतरेबाज और अविश्वसनीय शासक दुनिया में खोजने से भी नहीं मिलेंगे, सुबह की अपनी बात को रात होते ही नकार देना, रात की अपनी बात को सुबह होते ही नकार देने की बेशर्मी सिर्फ और सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप ही दिखा सकता है, इस प्रशंग में वह दुनिया में अकेला शासक है। कब किसी देश का प्रशंसक हो जाएगा, कब किसी देश का विरोधी हो जाएगा, यह कहना मुश्किल है। दुनियां के जनमत में यह बात बैठी है कि डोनाल्ड ट्रंप से न दोस्ती अच्छी है और न ही दुश्मनी अच्छी है। दोस्ती में वह कब धोखा दे दे, यह कहना मुश्किल है, दुश्मनी तो उससे और भी खतरनाक है, उसके फरमान को न मानने वाले कमजोर देशों को तहस नहस कर देता है, अपने विरोधी देश के राष्ट्रपति का अपहरण कर लेता है, अपनी जेलों में डाल कर कैद कर लेता है। कनाडा की संप्रभुता को वह रौंदना चाहता है, कनाडा की संप्रभुता स्वतंत्र है, वह एक आजाद देश है फिर भी डोनाल्ड ट्रंप कहता है कि कनाडा को अमेरिका का प्रदेश बनाना ही पड़ेगा, अगर कनाडा अपना अस्तित्व संहार करने के लिए तैयार नहीं होता है, यानी कि वह अपना विलय अमेरिका में नहीं करना चाहता है तो हम उसे सबक सिखाएंगे, उसकी संप्रभुता को हम स्वयं संहार कर देंगे। ईरान को उसने कब्र बना दिया, आज ईरान के निर्दोष जिंदगियां आवश्यक सुविधाओं के अभाव में बेमौत मरने के लिए विवश है। भारत जैसे दुनियां का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भी डोनाल्ड ट्रंप की पैंतरेबाजी का शिकार है जबकि आतंकी देश पाकिस्तान को वह गले भी लगाता है, पाकिस्तान के खूंखार सेनापति मुनीर को अमेरिका आमंत्रित कर चरण वंदना करता है। वह अपने दोस्त और अमेरिका का हर समय साथ देने के लिए प्रेरित रहने वाले इस्राइल को भी दगा दे देता है और प्रतिरक्षा के लिए उसके हाथ बांध देता है, हमास और हिज्बुल्लाह पर कार्रवाई करने से इस्राइल को रोक देता है। अभी अभी ट्रंप की नई दगाबाजी देखकर दुनिया हैरान है और परेशान है, और यह सोचने के लिए विवश हुआ कि अपने हित के लिए किसी को भी वह बलि चढ़ाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उसने अपने हित में यूक्रेन की बलि चढ़ाई है, उसके इस अपराध से करोड़ों लोगों की आजादी छीनेगी, करोड़ों लोगों पर हिंसा ग्राह बनेगी, बुनियादी सुविधाएं नष्ट होंगी, जिससे मानवता तड़पेगी, मानवता का संहार होगा। यूक्रेन के भविष्य और यूक्रेन की आजादी की कीमत पर ट्रंप ने अपने हित साधे है। ट्रंप की डीजल पेट्रोल कूटनीति यूक्रेन के काल बन गई और रूस के लिए वरदान बन गई। ब्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप ने डीजल पेट्रोल समझौता किया है। इस समझौते के अनुसार अमेरिका रूस से सस्ता डीजल पेट्रोल खरीदेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने डंके की चोट पर इस समझौते को सार्वजनिक किया है। उसने अपने बयान में कहा है कि रूस से सस्ता डीजल पेट्रोल खरीद कर अमेरिका अपने यहां महंगाई को थामेगा, महंगा डीजल और पेट्रोल से अमेरिका की अर्थव्यवस्था तबाह थी और अमेरिकी नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रूस का राष्ट्रपति बहुत पैंतरेबाज है, वह दयावान नहीं है, वह भी ट्रंप की तरह ही पैंतरेबाजी में महारत है। उसने सस्ते डीजल और पेट्रोल देने की बहुत बड़ी कीमत भी वसूली है। उसने यूक्रेन पर घातक और अतिसंहारक हथियारों से हमला करने का अधिकार हासिल कर लिया, उसने अपने बर्बर और अमानवीय हमलों का अधिकार हासिल कर लिया, उसने यूक्रेन के बिजली घरों और तेल कारखानों पर हमले का भी अधिकार ले लिया। डोनाल्ड ट्रंप ने यह अधिकार रूस को दे दिया। ट्रम ने पुतिन को कह दिया कि मुझे अपना हित अनिवार्य है, जरूरी है, भाड़ में जाए यूक्रेन, आप जैसा हमला करेंगे वैसा मुझे मंजूर है, हम विरोध नहीं करेंगे, कोई मानवता हनन की बात नहीं कहेंगे, इतना ही नहीं बल्कि हम यूक्रेन पर रूस के अधिकार पर भी विरोध नहीं करेंगे। जेलेंस्की को आत्म समर्पण कर देना चाहिए, जेलेंस्की पागल है।

जेलेंस्की का पक्ष सुन लीजिये, उनकी पीड़ा सुन लीजिये, उनका अपने देश के प्रति प्रेम, समर्पण और अपने देश के लिए बलिदान होने का जज्बा भी जान लीजिये। डोनाल्ड ट्रंप को उन्होंने सीधे लताड़ दिया, ट्रंप को धोखेबाज तक कह दिया। उन्होंने ट्रंप और पुतिन की इस डील को नकार दिया। जिलेस्की ने अपने एक बयान में कह दिया कि हम अपने देश की सुरक्षा खुद करेंगे, मर जाएंगे, मिट जाएंगे पर पुतिन के सामने झुकेंगे नहीं। रूस ने ट्रंप का साथ मिलने से यूक्रेन पर कब्जा करने और उसे गुलाम बनाने का सपना देखने लगा। रूस ने यूक्रेन पर ताबड़ तोड़ हमले किए हैं, युद्ध की सारी परम्पराओं को उसने तोड़ दिया। युद्ध परम्परा यह है कि आबादी वाले क्षेत्रों पर हमले नहीं किए जाते हैं, जन की आवश्यक स्थलों और जन सुविधाओं पर हमले करने से परहेज किया जाता है। पर रूस ने ताजा हमलों में निशाना भी इन्हीं क्षेत्रों पर साधा है। खासकर बिजली घरों को नष्ट करने की नीति उसकी काफी घातक और बर्बर है। कई बड़े बिजली घरों को नष्ट कर दिया गया। जिलेस्की ने अपनी पीड़ा जताते हुए कहा है कि बिजली घरों के नष्ट होने से दो करोड़ लोग अंधेरे का सामना करने के लिए विवश है। बिजली जाने का अर्थ सिर्फ अंधेरा ही नहीं होता है बल्कि जीवन की पूरी संरचना प्रभावित होती है, आधुनिक युग का सिस्टम और व्यापार, शिक्षा तक तबाह हो जाता है। डीजल पेट्रोल डील के पहले ऐसे घातक और अतिसंहारक हमला करने का साहस भी रूस नहीं कर पाता था और यूक्रेन भी अपना बचाव करने के लिए सफल रहता था। लेकिन अमेरिका ने एकाएक सामरिक इनपुट देना बंद कर दिया, यानी कि रूस के हथियारों के एक्टिव होने की जानकारी अमेरिका ने देना बंद कर दिया। अब यूक्रेन को ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी। ऐसी तकनीक विकसित करने में समय लगेगा, उसे यूरोप के अन्य देशों से याचना करनी पड़ेगी। ट्रंप का दोहरापन देख लीजिए। उसकी बेशर्मी की हद देख लीजिए। उसने रूस से तेल खरीदने वाले देशों को धमकाने की कोई कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर चीन और भारत को उसने निशाना बनाया था। चीन एक अराजक और हिंसक देश है, इसलिए उसने अमेरिका को जैसे के तैसे कसौटी पर जवाब दे दिया। पर भारत को ट्रंप का गुस्सा भुगतना पड़ा, बार बार भारत को धमकाया गया, भारत विरोधी बातें बोली गई, भारत को पाकिस्तान का डर दिखाया गया, तरह तरह की अन्य धमकियां दी गई। इतना ही नहीं बल्कि भारत पर टैरिफ का दांव भी खेला गया, भारत पर मनमाना टैरिफ लगाया गया और भारत की अर्थव्यवस्था को कुचलने का अमेरिकी प्रयास जारी रहा। पर भारत की मोदी सरकार ने चुपचाप रहकर अपनी अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया, निर्यात के नए मार्ग तलाशे, रूस और यूरोप के देशों से अपनी मित्रता विकसित किया। फिर भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप टैरिफ में नहीं फंसी, ट्रंप टैरिफ को भारत ने बेअसर कर दिया। आज भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर है और दुनिया के लिए प्रेरित भी है। जब अमेरिका अपने हित के लिए रूस से डीजल और पेट्रोल खरीद सकता है तो फिर भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता है?

अमेरिका में ही महंगाई नहीं बढ़ी है, पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है, जीवन मुसीबत में फंसा है। इसका एक मात्र जिम्मेदार ट्रंप है। इसने टैरिफ नीति से अमरीकी अर्थव्यवस्था को भी चैपट किया। ईरान पर हमला कर इसने दुनिया की अर्थव्यवस्था को भी चैपट किया, तबाही मचाई। हॉर्मूज नहर को ईरान की कुदृष्टि और हमले से बचाना ट्रंप की जिम्मेदारी थी। पर ट्रंप ने हॉर्मूज नहर को असुरक्षित छोड़ कर भागने का काम किया। हॉर्मूज नहर से आवाजाही हिंसा के शिकार होने के कारण दुनिया के कई देशों को परेशानी हुई, तेल गैस के दाम बढ़ें, फलस्वरूप महंगाई बढ़ी। ट्रंप की इस धोखेबाजी का इलाज क्या है, ट्रंप की गुंडागर्दी, अमानवीय नीतियों को समाधान क्या है? दुनिया के सामरिक शक्तियां बेअर्थ साबित हो गई हैं। छोटे देशों पर संयुक्त राष्ट्र संघ का तलवार तो खूब चलती है पर अमेरिका के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ भी चरण वंदना की स्थिति में होता है। क्या ऐसी स्थिति में हमें तो अमेरिकी सत्ता से ट्रंप की विदाई तक इंतजार करना पड़ेगा ?

रिजीम चेंज का वैश्विक खतरा और सर संघचालक की चेतावनी

डॉ. आनंद सिंह राणा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर अपने संबोधन में विविध समसामयिक विषयों पर गहरे और गंभीर विचार व्यक्त करते हुए रिजीम चेंज (सत्ता परिवर्तन) के वैश्विक खतरे से न केवल भारत वरन सम्पूर्ण विश्व को आगाह किया है।सरसंघचालक के रिजीम चेंज के निहितार्थ का व्यापक फलक हैं, जिसके आलोक में अपकारी शक्तियों के उद्देश्य का भयावह स्वरुप स्पष्ट होता है,जहां किसी देश में इन विध्वंसकारी शक्तियों द्वारा विविध प्रकार से अराजकता और आतंक का वातावरण स्थापित कर उस देश की सत्ता परिवर्तन ही नहीं वरन उस देश की सभ्यता,संस्कृति और अस्तित्व का विनाश करना है। अराजकता के व्याकरण पर उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर के कथन का संदर्भ देते हुए कहा कि हिंसक और अनियंत्रित विद्रोह समाज में केवल अराजकता फैलाते हैं, कोई सार्थक बदलाव नहीं लाते। मोहन भागवत ने भारत सहित सम्पूर्ण विश्व आगाह किया कि 'रिजीम चेंज' (सत्ता या सरकार परिवर्तन) करने से कभी भी परिस्थितियां नहीं बदलती हैं। इतिहास साक्षी है कि इससे कभी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। यह वैश्विक षड्यंत्र का हिस्सा है। उन्होंने दुनिया भर में हो रही उथल-पुथल का उल्लेख करते हुए कहा कि फ्रांस,अल्बानिया, बांग्लादेश और नेपाल में जो कुछ भी हुआ, वह सब एक सोचे-समझे षड्यंत्र का हिस्सा है। पश्चिम से एक ऐसी आंधी (आसुरी शक्तियां) चली है जो हर प्रकार की व्यवस्था, भद्रता और संस्कारों से नफरत करती है और उसे नष्ट करना चाहती है। भारत मुख्य निशाना है, इसलिए संघ प्रमुख ने चेतावनी दी कि अपने स्वार्थ का पोषण करने वाली कुछ वैश्विक ताकतें भारत की प्रगति से परेशान हैं और उन्होंने भारत को अपने निशाने पर ले लिया है। वे नहीं चाहतीं कि भारत इतना शक्तिशाली बने कि उनके वर्चस्व को चुनौती दे, इसलिए भारत, हिंदू समाज और संघ को कमजोर व विभाजित करने के लिए ऐसी कोशिशें (सत्ता परिवर्तन के प्रयास) भारत में भी की जा रही है। इसलिए बांग्लादेश की तरह भारत में भी 'रिजीम चेंज' कराने और इसे तोड़ने के प्रयास चल रहे हैं, लेकिन भारत में ऐसा होना संभव नहीं है।

उक्त सन्दर्भ में उन्होंने आंदोलनों के राजनीतिकरण पर कहा कि समाज में समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन होने चाहिए, लेकिन आज के दौर में विरोध-प्रदर्शनों को राजनीतिक हितों को साधने और समाज में विभाजन पैदा करने का जरिया (हथियार) बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में भारत जिस दृढ़ नीति और पक्के नेतृत्व के साथ आगे बढ़ा है, उसकी वजह से ऐसी हरकतों पर रोक लगी है।

शक्तिशाली नेतृत्व के कारण बाहरी शक्तियों की खेल बंद हो गए हैं, इसलिए भारत में सत्ता परिवर्तन कभी नहीं होगा।सरसंघचालक मोहन भागवत के रिजीम चेंज की चेतावनी को भारत सहित संपूर्ण विश्व को बहुत गंभीरता लेने का समय आ गया है।

गौरतलब है कि रिजीम परिवर्तन (शासन परिवर्तन) को वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए एक बड़ा खतरा माना जाता है, विशेष रूप से तब जब यह बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप, सैन्य कार्रवाई या हिंसक भीड़तंत्र के माध्यम से किया जाए। यद्यपि , लोकतांत्रिक देशों में शांतिपूर्ण और संवैधानिक रूप से चुनाव के जरिए सत्ता बदलना नागरिकों का अधिकार है,परन्तु जबरन थोपा गया रिजीम चेंज अकसर देशों को तबाह कर देता है। जब किसी देश की स्थापित सरकार को अचानक या हिंसक तरीके से हटाया जाता है, तो वहां एक सत्ता का खालीपन पैदा हो जाता है। इतिहास गवाह है कि इराक, लीबिया और अफगानिस्तान जैसे देशों में बाहरी हस्तक्षेप से हुए रिजीम चेंज के बाद वहां लोकतंत्र आने के बजाय दशकों लंबा गृहयुद्ध शुरू हो गया और आतंकवाद को बढ़ावा मिला। हाल के वर्षों में कई देशों में हिंसक प्रदर्शनों के जरिए तख्तापलट या रिजीम चेंज की कोशिशें देखी गई हैं। जब भीड़ संसद या सरकारी कार्यालयों पर कब्जा कर लेती है, तो वह लोकतंत्र नहीं बल्कि अराजकता और भीड़तंत्र का रूप ले लेती है,

जिससे आम नागरिकों का जीवन और देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर जाती है। वैश्विक विचारकों और नीति विशेषज्ञों (जैसे ड्ढुड्ढुद्यद्ध स्नु2 स्न्द्धश्चश्चद्य की रिपोर्ट्स) का मानना है कि किसी भी देश में परिवर्तन आंतरिक, क्रमिक और संवैधानिक तरीकों से ही होना चाहिए। जबरन या अराजक तरीके से किया गया 'रिजीम चेंज' अधिकांश मामलों में सुधार लाने के बजाय स्थिति को और अधिक विनाशकारी बना देता है।

पाकुड़ की खबरें

चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, पांच पुराने मामले भी दर्ज

पाकुड़। नगर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान शहरकोल स्थित कोयला मोड़ निवासी कुलदीप मंडल (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक (पंजीकरण संख्या जेएच 10सीके 1679) बरामद की है। बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सूचना मिली थी कि चोरी की बाइक लेकर एक व्यक्ति बस स्टैंड की ओर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर नगर थाना प्रभारी जॉन मुर्मू के नेतृत्व में बस स्टैंड के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे बाइक समेत पकड़ लिया। बाइक के पंजीकरण नंबर का मिलान करने पर उसके चोरी की होने की पुष्टि हुई।पूछताछ में युवक ने कथित तौर पर बताया कि उसने 19 अक्टूबर 2026 को अमड़ापाड़ा-लिट्टीपाड़ा क्षेत्र से बाइक चोरी की थी। मामले में नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना प्रसाद के आवेदन पर कांड संख्या 238/2026, दिनांक 20 अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक कुलदीप मंडल के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें नगर थाना में वर्ष 2023, 2024 और 2025 के चार मामले तथा हिरणपुर थाना में वर्ष 2023 के दो मामले शामिल बताए गए हैं। इनमें चोरी और चोरी की संपत्ति से संबंधित धाराएं शामिल हैं।छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार, मुन्ना प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक अखिलेश राम और नगर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

रेलवे मैदान के दुर्गा पूजा पंडाल में विधि-विधान से हुआ अस्त्र-शस्त्र पूजन

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। विजयादशमी के अवसर पर रेलवे मैदान स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में मां भवानी की प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अस्त्र-शस्त्र पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, तिलक और रक्षा सूत्र के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां भवानी की आराधना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।राणा शुक्ला और संतोष कुमार ठाकुर के सानिध्य में पुरोहित सजल चटर्जी ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। अनुष्ठान के दौरान पारंपरिक विधि-विधान का पालन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।इस अवसर पर संजय कुमार ओझा ने कहा कि विजयादशमी सत्य, धर्म और न्याय की विजय का प्रतीक है। अस्त्र-शस्त्र पूजन की परंपरा शौर्य, साहस, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण का संदेश देती है। यह परंपरा धर्म की रक्षा करने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा भी देती है।वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता अनिकेत गोस्वामी ने शस्त्र पूजन के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'जय भवानी', 'जय दुर्गे', 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाए।

सिंदूर खेला के साथ महिलाओं ने दी मां दुर्गा को विदाई,दिखी बंगाली परंपरा की झलक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को मां दुर्गा की विदाई के दौरान शहर के पूजा पंडालों में भक्ति, उल्लास और भावुकता का माहौल देखने को मिला। मां की विदाई से पहले सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई। इस दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर उनके आशीर्वाद की कामना की और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। सिंदूर खेला के दौरान पूजा पंडालों में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच

महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। वहीं, मां की विदाई की बेला आते ही माहौल भावुक हो गया। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और भक्ति से गुलजार रहे पंडालों में मां को विदा करते समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

बंगाली परंपरा से जुड़े सिंदूर खेला अनुष्ठान में सुहागिन महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अपने परिवार की सुख-शांति और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं। इस परंपरा के माध्यम से महिलाएं मां से अपने परिवार पर सदैव कृपा बनाए रखने की प्रार्थना करती हैं।सिंदूर खेला और अन्य पारंपरिक रस्मों के समापन के बाद विभिन्न पूजा पंडालों से मां दुर्गा की विदाई और प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया शुरू हुई। विदाई के समय श्रद्धालुओं के बीच एक ही भावना दिखाई दी–मां अगले वर्ष फिर आएं और सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आएं।

सत्य सनातन संस्था ने किया शस्त्र पूजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को सत्य सनातन संस्था की ओर से पाकुड़ के अन्नपूर्णा कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मां काली मंदिर के समक्ष पारंपरिक शस्त्र पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के बीच संस्था के संपर्क प्रमुख एवं पुरोहित रोहित दास ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव चंदन प्रकाश ने की।संस्था के अभिभावक सह संरक्षक डॉ. मनोहर कुमार ने कहा कि संस्था पिछले छह वर्षों से शस्त्र पूजन की परंपरा निभा रही है। शस्त्र और शास्त्र सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। भगवान श्रीराम, भगवान परशुराम और हनुमान जी के प्रसंग धर्म की रक्षा, साहस और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि अहिंसा के साथ धर्म और निर्दोष लोगों की रक्षा के लिए साहस, संयम और कर्तव्यबोध भी आवश्यक हैं।भागीरथ तिवारी ने कहा कि सनातन परंपरा में शस्त्र धर्म की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक रहने और उसके संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।पूजन में संस्था के जिला अध्यक्ष हर्ष भगत, भागीरथ तिवारी, कालीचरण घोष, मिंटू गिरी, गौतम कुमार और अजय भगत यजमान के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन भी किया गया।

शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस केंद्र, पाकुड़ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को नमन कर उनके बलिदान को याद किया गया।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। पुलिस विभाग के अनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान देशभर में कुल 154 पुलिस पदाधिकारी एवं जवान कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए हैं। इनमें झारखंड के तीन पुलिसकर्मी पुअनि हेमंत भगत, सुनील राम और संतन कुमार मेहता भी शामिल हैं।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने देशभर के सभी 154 शहीद पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

गिट्टी लदा ट्रेलर पलटा, चालक सुरक्षित खलासी घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा में बुधवार तड़के गिट्टी लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, जबकि खलासी के घायल होने की सूचना है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेलर लिट्टीपाड़ा से गिट्टी लेकर चांदपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बुधवार सुबह करीब तीन बजे डांगापाड़ा के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर का पंजीकरण नंबर डब्ल्यूबी 93 बी 8835 बताया जा रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रेलर चांदपुर निवासी किसी व्यक्ति का है। हालांकि, वाहन के मालिकाना हक की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हादसे में घायल खलासी को कितनी चोटें आई हैं और उसे कहां उपचार के लिए ले जाया गया है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है। ट्रेलर पलटने के वास्तविक कारणों का भी पता नहीं चल पाया है।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई, महिलाओं ने खेला सिंदूर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)। विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को हिरणपुर प्रखंड में मां दुर्गा की विदाई श्रद्धा और भावुक माहौल के बीच संपन्न हुई। प्रखंड के विभिन्न दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विदाई के दौरान कहीं उल्लास का माहौल रहा, तो कहीं मां को विदा करते समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।हिरणपुर के मोयरा मोदक दुर्गा मंदिर, शील दुर्गा मंदिर, सेन दुर्गा मंदिर और सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर खेला की रस्म निभाई। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अपने परिवार की खुशहाली और अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मां के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। नौ दिनों तक भक्ति और उत्साह से गुलजार रहे मंदिरों और पूजा पंडालों में विजयादशमी पर विदाई की रस्मों के बाद अगले वर्ष मां दुर्गा के पुनः आगमन की कामना की गई। हिरणपुर के अलावा डांगापाड़ा, गोपालपुर, तोड़ाई, तारापुर, देवपुर, जामबाद और मोहनपुर सहित विभिन्न गांवों में भी धार्मिक अनुष्ठान और पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मोहनपुर में नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई

हिरणपुर (पाकुड़) विजयादशमी के अवसर पर मोहनपुर में 108 दुर्गा पूजा समिति की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में किया गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। मां की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं. विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की प्रतिमा को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव की रौनक बढ़ाई, वहीं पुरुष श्रद्धालु 'जय माता दी' के जयकारों के साथ मां के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। गांव भ्रमण के बाद गंगा सागर पोखर में विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर आने की कामना की। विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रवि भगत, उपाध्यक्ष चंदन भगत, सचिव नीरज दुबे, कोषाध्यक्ष उत्तम भगत, मृगेंद्र भगत समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई, प्रतिमा का विसर्जन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । शारदीय नवरात्र के समाप्त होते ही विजयादशमी के दिन मां अंबे की प्रतिमा का विसर्जन दोपहर बाद तीन बजे से शुरू हो गया. प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा. सरकारी गाइडलाइन के अनुसार दिए गए समय के बीच सभी पंडालों की प्रतिमा का विषर्जन किया गया. गाजे-बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए और जय माँ दुर्गा का जयकारे लगाते हुए मां की प्रतिमा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए झील तालाब पहुंची. जहां पुरोहितों ने पुरे विधि -विधान के साथ में मां की प्रतिमा विषर्जित किया. सबसे पहली प्रतिमा का विषर्जन पुरानी धर्मशाला की हुई. जो परम्परा के अनुरूप कंधे पर पर हुई. वही शिंदेश्वरी दुर्गा प्रतिमा के विषर्जन में महिलाओं ने बढ़ चढ़ के भाग लिया. वही न्यू कॉलोनी जगतजननी दुर्गा पूजा समिति, शेखपुरा, रामचंद्र बाजार, डालमिया कूप, डंगालपाडा, मछुवातांड, पंचमंदिर, पंचमंदिर, खल्लासी मोहल्ला सहित अन्य जगहों की प्रतिमा का विषर्जन धूमधाम से किया गया.

नकली पिस्टल का भय दिखाकर लूट की कोशिश, तीन गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र के लहरजोरी मोड़ के पास पिस्टल का भय दिखाकर लूट की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकली पिस्टल, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर की रात करीब 9.15 बजे त्रिपुरारी रजवार (32) अपने खलासी कुंदन विश्वकर्मा के साथ बोलेरो पिकअप से मछली लाने आसनसोल जा रहे थे। इसी दौरान काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उनका पीछा करने लगे। रात करीब 10.10 बजे लहरजोरी मोड़ के पास आरोपियों ने कथित तौर पर पिस्टल दिखाकर वाहन रुकवाया और रुपये, मोबाइल फोन तथा वाहन की चाबी लूटने की कोशिश की। शोर सुनकर स्थानीय निवासी वसीम अंसारी मदद के लिए पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान एक आरोपी ने पिस्टल की बॉडी से उनके सिर पर वार किया और पेट के दाहिने हिस्से में काट लिया। हाथापाई के दौरान एक आरोपी घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने अर्जुन यादव (22) को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि अन्य दो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान डब्लू यादव (24) और संजय यादव (22) को भी गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी देवघर जिले के निवासी हैं। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने स्टील रंग की नकली पिस्टल, रियलमी मोबाइल फोन और काले-लाल रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। छापेमारी दल का नेतृत्व मारगोमुण्डा थाना प्रभारी शशि कपूर ने किया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक लक्ष्मण बोबोंगा, साहेब राम किस्कू, अनुसंधानकर्ता वीरेंद्र राम और थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर दी शुभकामनाएं

मधुपुर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और भाईचारे को बताया पहचान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । दुर्गा पुजा के पावन अवसर पर झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने मधुपुर शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर माँ दुर्गा के दर्शन किए. इस दौरान उन्होंने पूजा समितियों के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की और सभी को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी.

इस मौके पर नप के उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र प्रसाद, सीओ यामुन रवि दास सहित अन्य सदस्य मौजूद थे. इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि मधुपुर की मिट्टी में मोहब्बत है, यहाँ की पहचान में भाईचारा है और यहाँ की रूह में मधुपुरियत बसती है. यही हमारी ताकत और हमारी शान है. मधुपुर की खूबसूरती इसकी विविधता, आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता में निहित है. उन्होंने कहा कि मधुपुर की पहचान हमेशा से आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहज़ीब रही है. यहाँ सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर हर त्योहार मनाते हैं. यही आपसी प्रेम, विश्वास और भाईचारा हमारे समाज को मजबूत बनाता है. हमें इस गौरवशाली परंपरा को हमेशा कायम रखते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना है. समस्त झारखंडवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि माँ दुर्गा की कृपा सभी के जीवन में सकारात्मकता और खुशियाँ लेकर आए. मधुपुर सहित पूरे झारखंड में प्रेम, सद्भाव, आपसी एकता और भाईचारे की भावना सदैव बनी रहे. उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, सम्मान और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की तथा महानवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं.

देवघर में पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

देवघर। पुलिस केंद्र, देवघर में पुलिस संस्मरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने शहीद जवानों को नमन करते हुए उनके साहस, सर्वोच्च बलिदान और कर्तव्य के प्रति समर्पण को याद किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए शहीदों के योगदान और उनके कर्तव्यों का स्मरण कराया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस संस्मरण दिवस कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के साहस और बलिदान को याद करने का अवसर है। उनका समर्पण पुलिस बल को कर्तव्य के प्रति निष्ठा और जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) लक्ष्मण प्रसाद, साइबर डीएसपी कैलाश कुमार, सार्जेंट मेजर, पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ छोटू, पुलिस एसोसिएशन के मानसिंह मुर्मू सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

मधुपुर जीआरपी ने शहीदों को किया नमन

मधुपुर । राजकीय रेल पुलिस मधुपुर ने रेल थाना परिसर में बुधवार को शहीद संस्मरण दिवस मनाया। इस अवसर पर रेल थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडेय के नेतृत्व में थाना के सभी पदाधिकारियों एवं जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक याद किया।सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया और नम आंखों से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान देश की सुरक्षा,अखंडता और शांति बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा को याद किया गया।वक्ताओं ने कहा कि देश की रक्षा में शहीद होने वाले जवानों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में एसआई प्रेम टोप्पो, एएसआई दिवाकर चौधरी, एएसआई रवि टुडू,हवलदार रामानंद प्रसाद,बाल्मीकि प्रधान,जय प्रकाश राजन, पुनेन्द्र यादव, बबलू दास, आरक्षी मुकेश कुमार दास, परमानंद यादव, शहरयार खान उर्फ चांद समेत जीआरपी के अन्य जवान मौजूद थे। सभी ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देश की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

मनियारपुर चौक स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर में नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिले के देवीपुर प्रखंड अंतर्गत मनियारपुर चौक स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। एकादशी के पावन अवसर पर मां दुर्गा की विदाई के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और भक्तों ने भावुक मन से मां को विदाई दी। विदाई के समय मंदिर परिसर में मां दुर्गा के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने मां से अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना करते हुए सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। मां की विदाई के साथ ही भक्तों ने अगले वर्ष उनके आगमन की प्रतीक्षा का संकल्प लिया।

आजाद हिंद फौज के वीर सेनानियों को दी गयी श्रद्धांजलि

देवघर । आजाद हिंद फौज स्थापना दिवस के अवसर पर ध्रुव प्रसाद साह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले आजाद हिंद फौज के वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। अपने संदेश में साह ने 21 अक्टूबर 1943 को नेताजी के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज की स्थापना का उल्लेख करते हुए इसके देशभक्ति, बलिदान और राष्ट्रीय एकता के आदर्शों को याद किया। उन्होंने युवाओं से नेताजी के विचारों पर चलने, देश के विकास में योगदान देने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आजाद हिंद फौज केवल एक सैन्य संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और बलिदान की भावना का प्रतीक है। साह ने इस अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीर सेनानियों को नमन किया। ध्रुव प्रसाद साह आजाद हिंद फौज में ब्रिगेडियर, नेताजी सुभाष जागृति मंच के देवघर जिला अध्यक्ष, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव और गोड्डा जिला प्रभारी हैं।

कृषि एवं संबद्ध योजनाओं की डीडीसी ने की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

देवघर । डीडीसी पीयूष सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता और भूमि संरक्षण विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए सभी पात्र लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। बिरसा बीज उत्पादन, वितरण एवं फसल विस्तार योजना और आत्मनिर्भर दलहन योजना की समीक्षा के दौरान प्रखंडों द्वारा आवंटित बीजों का पूरी तरह उठाव नहीं किए जाने पर डीडीसी ने नाराजगी जतायी। उन्होंने एलएएमपीएस/पैक्स, निजी विक्रेताओं और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से रबी फसलों के बीजों की समय पर आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बिलासी दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे सांसद निशिकांत दुबे, मां भवनी का दर्शन किया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । बिलासी दुर्गा पूजा समिति (ऊपर) के भव्य पूजा पंडाल में बुधवार को गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे अपनी धर्मपत्नी अनामिका गौतम के साथ पहुंचे। इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. सुनील खवाड़े ने उनका स्वागत किया और सांसद को मां दुर्गा की चुनरी प्रसाद स्वरूप ओढ़ाई। वहीं, डॉ. खवाड़े की बड़ी सुपुत्री रुचि कश्यप (खुशबू) ने अनामिका गौतम को चुनरी ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने दक्षिण भारत के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर की तर्ज पर निर्मित भव्य पूजा पंडाल का अवलोकन किया और इसकी आकर्षक सजावट की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि बिलासी दुर्गा पूजा समिति का पंडाल दक्षिण भारत के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर की मोहक झलक प्रस्तुत करता है।

पंडाल की भव्यता और मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा के दर्शन से ऐसा प्रतीत होता है, मानो साक्षात भगवती यहां विराजमान हों। सांसद ने समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. सुनील खवाड़े के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भूमिका और सद्प्रयासों के कारण ही पूजा का आयोजन इतने भव्य रूप में संभव हो पाया है। उनके योगदान के बिना इस भव्य आयोजन की कल्पना करना भी संभव नहीं है। इस अवसर पर समिति के सुरेशानंद झा, मुकेश सिन्हा, काली नाथ खवाड़े, समीर नाथ खवाड़े, संतू श्रृंगारी, आजाद पाठक, रामेश्वर चक्रवर्ती, आशीष झा, प्रेम नाथ खवाड़े, रविंद्र झा, गौरव सिंह, सुनैना खवाड़े, सत्य नारायण खवाड़े, हरिकिशोर सिंह, ब्रह्मदेव राउत, महेश राउत, मनोज पांडेय तथा पूर्व उपमहापौर नीतू देवी सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की होली खेल मां को किया विदा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । विजयादशमी के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने माँ दूर्गा के प्रतिमा पर सिन्दुर दान कर आपस मे सिन्दुर की होली खेला. श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर, न्यू कॉलोनी जगतजननी दुर्गा मंदिर, खलासी मोहल्ला मिलन संघ दुर्गा मंदिर, कालीपुर टाउन दुर्गा मंदिर, सहित अन्य पूजा पंडालों में सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली. सुबह से ही शहर के पंडालों में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी. हाथ में सिंदूर, प्रसाद समेत अन्य सामग्रियों के साथ महिलाएं कतारबद्ध होकर मंदिरों व पंडालों में पहुंच गई थी. वही सभी ने मां दुर्गा को पूजा -अर्चना करने के बाद मां का पैर छूकर प्रणाम किया. साथ ही सिंदूर लगाकर मां को नम आंखों से विदाई दी गई. मां को सिंदूर लगाने के बाद उपस्थित महिला श्रद्धालु एक -दूसरे को लंबी सिंदूर लगाया. मान्यता है कि लंबी सिंदूर लगाना पति के दीर्घायु की कामना होती है. मौके पर महिलाओ ने कहा की वर्षों से परम्परा चली आ रही है. विसर्जन के दिन माता के विदाई सिंदूर लगा कर की जाती है. कहा माता के जाने का गम है, लेकिन अगले वर्ष माँ फिर आना इसी खुशी मे सिन्दुर की होली खेल कर माँ से वर्ष भर धर परिवार की सुख शांति व समृद्ध का आशीर्वाद लिया. इसको लेकर महिलाओ मे जबरदस्त उत्साह व उमंग है.

जसीडीह स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम, यात्रियों से मांगे गए सुझाव

देवघर संताल एक्सप्रेस । विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत आसनसोल मंडल, पूर्व रेलवे की ओर से बुधवार को जसीडीह रेलवे स्टेशन सहित मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रेल जन संवाद एवं जन सुझाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य यात्रियों की भागीदारी बढ़ाना, उनकी समस्याओं को जानना तथा रेल सेवाओं और यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करना है। कार्यक्रम के दौरान रेल अधिकारियों ने यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी प्रतिक्रियाएं और सुझाव प्राप्त किए। यात्रियों को स्टेशन की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और रेल यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने के संबंध में अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आसनसोल मंडल के आसनसोल, दुर्गापुर, अंडाल, रानीगंज, सीतारामपुर, जामताड़ा, जसीडीह, दुमका, पांडवेश्वर एवं पानागढ़ रेलवे स्टेशनों पर इस पहल का आयोजन किया गया। दुर्गापुर स्टेशन पर जेन-ज़ी विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और यात्री सुविधाओं तथा स्वच्छता में सुधार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रेल प्रशासन के अनुसार, जन संवाद कार्यक्रम यात्रियों की अपेक्षाओं को समझने और सेवाओं में सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विशेष अभियान 6.0 के तहत आसनसोल मंडल यात्रियों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छ स्टेशन, बेहतर सुविधाएं तथा सुरक्षित और यात्री हितैषी रेल यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयासरत है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में हुड़दंगियों की खैर नहीं,पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

साहिबगंज- साहिबगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए साहिबगंज पुलिस तैयार है. लोगों को सुरक्षा का एहसास कराने व अपनी तैयारी को लेकर साहिबगंज जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन मैदान में पुलिस विभाग ने बुधवार को मॉक ड्रिल किया. मॉक ड्रिल दौरान डीएसपी ने मॉक ड्रिल का अवलोकन कर मौजूद पुलिस पदाधिकारी व जवानों को कई आवश्यक निर्देश दिए. साथ ही पुलिस व एसआईआरबी जवानों की हौंसला अफजाई की. मॉक ड्रिल में दो गुटों के बीच जमकर लाठी चली व दंगाइयों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे. पुलिस जवानों ने भीड़ से निपटने, लाठी चार्ज, आंसू गैस, वाटर कैनन व अन्य का अभ्यास किया. डीएसपी ने कहा कि पुलिस के जवान किसी भी परिस्थिति, अपराधी, दंगाइयों व हुड़दंगियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. लॉ एंड आर्डर बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा. मौके पर नगर इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, दर्जनों जवान मौजूद थे.

कलश विसर्जन के साथ नवरात्र का समापन

साहिबगंज-साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र का समापन कलश विसर्जन के साथ हुआ. शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा मंदिरों ओर घरों में स्थापित कलश को विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन व हवन कर विसर्जन किया. इससे पूर्व मंदिरों व घरों में हवन, कुंवारी कन्या पूजन भोज कराकर दशमी तिथि को स्नान, पूजन, अपराजिता पूजन, मां दुर्गा को सुहागन महिलाओं ने मांग में सिंदूर लगाकर खोयचा भरकर कलश विसर्जन किया. वही स्थानीय महिलाओं ओर बंगाली समुदाय की महिलाओं ने विधिवत रूप से सिंदूर खेला और एक दूसरे को गला लगाकर विजय दशमी की बधाई दी. वही मंदिर से कलश विसर्जन शोभा यात्रा ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ निकलकर मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए स्थानीय मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट तट पहुंचकर विधिवत रूप से कलश विसर्जन किया. वही शहर के सभी दुर्गा पूजा समिति का प्रतिमा विसर्जन गुरुवार को किया

राजमहल में बाइक से गिरने से महिला की मौत

साहिबगंज- राजमहल थाना क्षेत्र में फोरलेन के गैस गोदाम के समीप चलती बाइक से गिरने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई.वही हुई दुर्घटना में उनकी गोद में मौजूद बच्चा भी घायल हो गया. मृत महिला की शिनाख्त मंगलहाट इंग्लिश निवासी जनार्दन पंडित की पत्नी रीता देवी के रूप में हुई है.मिली जानकारी के अनुसार रीता देवी अपनी बेटी चंदा कुमारी व दामाद के साथ एक ही बाइक पर मां पगली दुर्गा मंदिर प्रतिमा दर्शन कलने के लिए जा रही थीं. इसी दौरान बाइक अनियंत्रित हो जाने से रीता देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं. परिजन उन्हें इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे.

एक महिला का शव किया बरामद

बरहेट- बरहेट थाना पुलिस ने लोगाई गांव के पास से मंगलवार को एक 40 वर्षीय महिला का शव बरामद किया है. मिली जानकारी के अनुसार मृत महिला की पहचान 40 वर्षीय होपनमय मरांडी ऊर्फ झानो मरांडी पिता स्वर्गीय गोपाल मरांडी ग्राम फुलभंगा के रूप में हुई है. जिसकी शादी बोरियो थाना क्षेत्र में हुई थी. बुधवार को पुलिस ने महिला के परिजनों से मिलकर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है. वहीं अब तक इस मामले में किसी प्रकार का आवेदन थाना पुलिस को नहीं दी गई है. आवेदन मिलने के बाद पुलिस आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी. शव को देखने के बाद यह आशंका व्यक्त की गई है की महिला की हत्या कर शव को वहां फेंका गया होगा. हालांकि आगे पुलिस की जांच और आवश्यक कार्रवाई के बाद ही मामले का खुलासा सकेगा.

साहिबगंज में आकर्षक आतिशबाजी के साथ हुआ रावण का पुतला दहन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-साहिबगंज जिला मुख्यालय के सिदो कान्हु स्टेडियम में विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला दहन किया गया.रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसी दीपक कुमार दुबे, एसपी अमित कुमार सिंह, झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा सहित अन्य ने रावण को तीर मारकर रावण दहन किया. इससे पूर्व गोड़ाबाड़ी हटिया दुर्गा पूजा समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व मां दुर्गा की चुनरी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया. वही मुख्य अतिथि ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत हुई. विश्व का कल्याण हो. वही समिति अध्यक्ष राकेश सिन्हा ने कहा कि गोड़ाबाड़ी हटिया दुर्गा पूजा समिति की ओर से लगातार 45 वर्षों से रावण का पुतला दहन शानदार आतिशबाजी के साथ किया जा रहा है. इस वर्ष का मुख्य आकर्षक रॉकेट युद्ध, डिजिटल कलरफुल आतिशबाजी, लेजर लाइट शो ओर 55 फीट का रावण दहन है.लगभग चार लाख की लागत से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया. वही पूरे स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए किया गया था. अग्नि शमन की दमकल वाहन, नगर परिषद का दो पानी टैंकर सहित पुलिस बल की तैनाती की गई थी.मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, एसडीओ अमर जॉन आइंद, आईटीडीए निदेशक संजय कुमार दास, भगवती रंजन पांडे सहित लगभग 25 हजार श्रद्धालु उपस्थित थे.

कुसमा में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - राजमहल विधानसभा क्षेत्र के उधवा प्रखंड के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत कुसमा गांव में बुधवार को मजदूर किसान क्लब कुसमा की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया. टूर्नामेंट का उद्घाटन राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा? ,प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बाबू दा और मुखिया भैया किस्कू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया.क्लब के अध्यक्ष बबलू किस्कू ने बताया कि टूर्नामेंट में जिले के विभिन्न प्रखंडों सहित स्थानीय क्षेत्रों की कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं.प्रतियोगिता के पहले दिन आठ टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे.जबकि शुक्रवार को फाइनल मुकाबला आयोजित होगा.इस अवसर पर विधायक एमटी राजा ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट जैसे आयोजन से खिलाड़ियों का शारीरिक विकास होता है और उनकी प्रतिभा निखरती है.ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं.मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू , कमेटी के सदस्य जोहान किस्कू,सकल हेंब्रम सहित अन्य लोग मौजूद थे.

भक्ति जागरण में बच्चियों ने दी प्रस्तुति,झूमे श्रद्धालु

मंडरो- मिर्जाचौकी दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार की शाम भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. भक्ति जागरण का शुभारंभ मिर्जाचौकी थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने फीता काट कर किया. वहीं वाराणसी से आई भजन व भक्ति संगीत की प्रसिद्ध गायिका स्नेहल सोनी के द्वारा मां दुर्गा,कृष्ण, शिव,सरस्वती माता,गणेश भगवान की भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को खूब तालियां बटोरी. वहीं लोगों ने झूम-झूम कर नाचे जिससे इलाका भक्तिमय हो गया. लोग भक्ति गीत की आवाज से आनंदित दिखे. पंडाल में खचाखच भीड़ होने से लोग चौक चौराहा पर भी इस भक्ति गीत का खूब आनंद उठाया. इस विधि व्यवस्था में मिर्जाचौकी थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह एवं एसआई प्रवीण कुमार प्रभाकर,सन्नी टुडु,एएसआई पवन कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, विल्सन हांसदा जेकब बेसरा सहित दर्जनों पुलिस बल तैनात थे. दुर्गा पूजा सह मेला शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.वहीं समिति के द्वारा विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभी वालेंटियर एवं समिति सदस्य रात भर बढ़ चढ़कर भाग लिया. बुजुर्गों ने कहा मेला इस बार ऐतिहासिक रही इस तरह की भीड़ 1945 से लेकर अब तक की सबसे बड़ी भीड़ थी. हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़ें. मौके पर थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, सहित दर्जनों पुलिस बल मेला समिति की राजीव जायसवाल,निरंजन जायसवाल सहित दर्जनों सदस्यों ने भरपूर सहयोग

तीनपहाड़ में विजयादशमी पर प्रतिमा दर्शन को उमड़ी भीड़,पूजा पंडाल में झूमे आदिवासी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

तीनपहाड़ - नवरात के नवमी व दशमी को तीनपहाड़ में भक्तों द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर पूजा-अर्चना की . इस दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा मेले का आयोजन किया गया था. वही दशमी को आदिवासी मेले के रूप में आयोजन हुआ. इसमें आदिवासी सहित आसपास के भक्तों ने मंदिर प्रांगण में पहुंच कर पूजा-अर्चना की. इस दौरान काफी भीड़ थी. इसके अलावा गांव-गांव से आये आदिवासी समुदाय के लोगों ने टीम बनाकर संताली नृत्य प्रस्तुत किया. जो आकर्षक रहा. वही आदिवासी समुदाय के लोगो द्वारा अलग अलग वेशभूषा में मंदिर प्रांगण पहुंचा और नृत्य किया. जिसे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तीनपहाड़ द्वारा पुरस्कृत किया गया. वही कमेटी के सचिव सिद्धार्थ यादव उर्फ बल्ला ने बताया कि गुरुवार को भी तीनपहाड़ में मेले लगेगा. साथ ही शुक्रवार को माता के प्रतिमा के विधि विधान के साथ विसर्जन किया जायेगा .

चौक बाजार दुनिया प्रतिमा विसर्जन में धनबाद की भव्य झांकियां और नृत्य-नाटिका,अघोरियों की झांकी रहेंगी



साहिबगंज-शहर के चौक बाजार दुर्गा पूजा समिति की ओर से गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी. संध्या तीन बजे से शुरू होने वाली इस शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां,जोन बैंड,नृत्य-नाटिका, अघोरियों की विशेष टीम और डीजे मुख्य आकर्षण होंगे.मां दुर्गा की विदाई को यादगार बनाने के लिए समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं.समिति के अध्यक्ष गोपाल चोखानी ने बताया कि चौक बाजार दुर्गा पूजा समिति की ओर से वर्ष 1950-51 से लगातार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है.सात दशक से अधिक पुरानी इस धार्मिक परंपरा के तहत हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा का आयोजन किया जाता है.इस बार भी भव्य आयोजन के साथ माता रानी को भावभीनी विदाई देने की तैयारी की जा रही है.उन्होंने बताया कि विसर्जन शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं.शोभायात्रा में पाकुड़ से आने वाला जोन बैंड,धनबाद की भव्य झांकियां एवं नृत्य-नाटिका,अघोरियों की विशेष टीम और आकर्षक डीजे श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे.विभिन्न मनोरम झांकियों के साथ निकलने वाली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है.मंदिर प्रांगण से मां दुर्गा की प्रतिमा को विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन के लिए निकाली जाएंगी.

डांडिया नृत्य और बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन, कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ नवरात्रि उत्सव

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट - बरहेट बाजार के श्री श्री 108 दुर्गा काली माता मंदिर परिसर में आयोजित नवरात्रि महोत्सव भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में मंदिर समिति की ओर से आयोजित इस महोत्सव में महिलाओं और युवतियों के डांडिया नृत्य से लेकर बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता और कन्या पूजन तक कई कार्यक्रम हुए. आयोजित डांडिया कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया. भक्ति गीतों की धुन पर थिरकती महिलाओं और युवतियों की प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया. कार्यक्रम देखने के लिए मंदिर परिसर में काफी संख्या में लोग जुटे और नृत्य का आनंद लिया.वही पूजा समिति के द्वारा बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए. उनकी प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा. इसके बाद मंदिर परिसर में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया.नवरात्रि महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला. कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्यों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी में श्रद्धा के साथ मना मोहा दशहरा, ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न

संताल एक्सप्रेस बरहेट-बरहेट स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी में दशहरा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ. पुजारी पवन पांडेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में विधिवत ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला.कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर जय श्री राम और जय श्री हनुमान के जयघोष से गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ दशहरा महोत्सव में भाग लिया. धार्मिक वातावरण के बीच आयोजित कार्यक्रम ने लोगों में आस्था और भक्ति का संचार किया. मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय भगत, जग नारायण गुप्ता, सीताराम साह, शंकर भगत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

मतुआ समुदाय ने श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गास्सी पर्व

संताल एक्सप्रेस संवादाता

तीनपहाड़ - आश्विन संक्रांति के अवसर पर बभनगामा मोड़ के काली मंदिर में ग्रामीण बंगाल की परंपरा और मतुआ संस्कृति का संगम देखने को मिला. इस दौरान मतुआ समुदाय की महिलाओं गास्सी का पर्व उत्साह के साथ मनाया . इसमें मतुआ बहुल इलाकों में महिलाओं ने तुलसी पौधा के तले को लीप-पोतकर व्रत की शुरुआत की. मान्यता है कि यह व्रत खेती-बाड़ी की समृद्धि, परिवार के आरोग्य और कीट-पतंगों से रक्षा के लिए किया जाता है.इसके अलावे हरि चांद ठाकुर और शान्ति माता कि पूजा अर्चना किया गया. **क्या है गास्सी व्रत की परंपरा**मंदिर के साधक सुशांत विश्वास ने कहा कि इस दिन खेसारी की दाल में मानकचू, ओलकचू, झिंगे, लौकी, कद्दू और कई तरह की साग-सब्जियां मिलाकर 'गास्वी डाली' बनाते हैं. जो इसका मुख्य प्रसाद होता है.उक्त मंदिर के साधक ने यह भी बताया कि श्री हरिचंद ठाकुर ने हमेशा प्रकृति, कृषि और मानव सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म बताया है.गास्वी जैसा लोक-पर्व उसी दर्शन को जीवंत रखता है. आज मतुआ समुदाय इसे अपनी सांस्कृतिक पहचान के रूप में आगे बढ़ा रहा है. **मतुआ महिलाओं के लिए खास नियम** इस व्रत को सिर्फ सुहागिन महिलाएं ही नहीं बल्कि विधवा, युवती और बच्चियां भी कर सकती हैं. मतुआ धर्म में कहा गया है -÷हाते काम, मुखे नाम÷ यानी हाथ से काम और मुख से हरिनाम, इसलिए खेत से लाई गई हर सब्जी को भक्ति के साथ इस व्रत में जोड़ा जाता है. इस दौरान हरि बोल हरि बोल की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया. इस मौके पर सुदीप्तो चटर्जी, राजीव कुमार,सुनीता मंडल, विनोद दास, प्रशांत विश्वास, सुब्रतो विश्वास, संध्या देवी,गायत्री, सीमा विश्वास,सुमन मैती, संजीव कुमार,सुप्रिया विश्वास, कस्तूरी देवी, स्नेहा, श्रृष्टि, श्रृति विश्वास, स्वीटी विश्वास, सहित अन्य मौजूद थे.

बरहेट में धान कूटने के दौरान हादसा, गमछा फंसने से युवक गंभीर रूप से जख्मी

बरहेट- जिले के बरहेट प्रखंड अंतर्गत छूछी गांव में बुधवार सुबह धान की कुटाई के दौरान एक युवक दुर्घटना का शिकार हो गया. हॉलर मशीन में गमछा फंसने से 26 वर्षीय सीपा सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गया. वह शुबान सोरेन का पुत्र बताया जाता है.प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक बुधवार सुबह हॉलर मशीन से धान कूट रहा था. इसी दौरान उसके शरीर पर पहना गमछा मशीन के घूमते हिस्से में उलझ गया. गमछा फंसने के कारण युवक के गुप्तांग के आसपास गंभीर चोटें आईं और त्वचा छिल गई. हादसे के बाद वह लहूलुहान हो गया.घटना के तुरंत बाद घायल को इलाज के लिए

सांसद और विधायक ने किया माता का दर्शन

तीनपहाड़ - दुर्गा पूजा के अवसर पर मंगलवार को नवमी के दिन राजमहल लोकसभा के सांसद विजय कुमार हांसदा एवं राजमहल विधायक एमटी राजा ने सार्वजनिक दुर्गा मंदिर तीनपहाड़ पहुंचे जहां दोनों जन प्रतिनिधि माता का दर्शन किये. वही सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तीनपहाड़ द्वारा अतिथियों को चुनरी ओढाकर सम्मानित किया गया मौके पर विधायक प्रतिनिधि मारूफ गुड्डू, तीनपहाड़ थाना प्रभारी गौरव भगत ,दुर्गा पूजा समिति के रणधीर सिंह, सचिव सिद्धार्थ यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे.वही दोनों जनप्रतिनिधि यो ने सार्वजनिक दुर्गा मंदिर बभनगामा भी पहुंच कर माता का दर्शन किये.

पुलिस जवानों को दी श्रद्धांजलि



साहिबगंज -जैप-9 परिसर में बुधवार को पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर समादेष्टा रश्मि रमेशन के निर्देश पर सीनियर डीएसपी मनोज कुमार झा के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.इस अवसर पर शहीद जवानों के अदम्य साहस,कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया.जहां कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 - 26 में शहीद हुए जवान सब इंस्पेक्टर हेमंत भगत,कांस्टेबल सुनील राम एवं कांस्टेबल संतन कुमार मेहता के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया और उनके बलिदान को देश की सुरक्षा के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया.वही पुलिस संस्मरण दिवस पुलिस बल के उन वीर जवानों की याद में मनाया जाता है.जिन्होंने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए.वही जैप-9 के सीनियर डीएसपी मनोज कुमार झा ने कहा कि पुलिस संस्मरण दिवस हमें उन वीर पुलिसकर्मियों के साहस,कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान की याद दिलाता है.जिन्होंने देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए.उनका त्याग हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है.पुलिस बल का प्रत्येक जवान शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है.उन्होंने कहा कि शहीद जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता.उनकी स्मृति हमें देश की एकता,अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देती है.

विधायक ने किया मां दुर्गा की पूजन व दर्शन

तीनपहाड़- दुर्गा पूजा को लेकर बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन बाकुडी स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे और मां दुर्गा का पूजन व दर्शन किए. इस दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बाकुडु के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने विधायक धनंजय सोरेन को चुनरी देकर सम्मानित किया.वही विधायक धनंजय सोरेन ने माता के दर्शन के बाद पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना कराया गया. इस दौरान विधायक ने कहा कि माता की असीम कृपा कमेटी के लोगो के साथ सभी लोगो पर बनी रहे.

गाजे बाजे के साथ निकाली गई मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा

मंडरो- जिले के मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिर्जाचौकी दूर्गा मंदिर में स्थापित दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन शोभा यात्रा बुधवार को पूजा समिति के लोगों के द्वारा निकाली गई.प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा में हजारों महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होकर मां दुर्गा को विदाई दी.नगर भ्रमण के दौरान कलकत्ता से तीन तरह की ढाक बुलाया गया था. जिसमें महिलाएं ढाक बजा रही थी. इसके पूर्व महिलाओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने सिंन्दूर खेली व एक दुसरे को सिन्दूर लगाई.मां दुर्गा की प्रतिमा को बाजे गाजे के साथ संध्या समय पूजा समिति के लोगो ने मिर्जाचौकी छठ घाट पोखर में विधिवत विसर्जित किया.

OFFICE OF THE CIVIL SURGEON-CUM-CHIEF MEDICAL OFFICER
DEOGHAR, JHARKHAND

SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender No.: **1798/2026-27** Dated.: **21/10/2026**

Date of Publication :- 22.10.2026
Last Date for Submission of Bid :- 03.11.2026
Mode of Procurement: Procurement / GeM Portal, as applicable

1. NOTICE INVITING TENDER
The Office of the Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Deoghar, Jharkhand, invites online bids from eligible, experienced and financially sound manufacturers, authorized dealers, distributors and suppliers for the supply, installation, testing, commissioning and demonstration of medical equipment at Sadar Hospital, Deoghar, in accordance with the administrative approval conveyed vide District Planning Office, Deoghar, Memo No. 279 dated 09.10.2026.
The procurement shall be carried out in accordance with the applicable procurement rules, Jharkhand Procurement Policy, 2014, relevant financial rules, and the terms and conditions of the prescribed procurement/GeM platform, as applicable.

2. SCHEDULE OF REQUIREMENTS

Sl. No.	Name of Equipment	Quantity	Estimated Cost
1	Haemodialysis Machine	04 Nos.	₹60,00,000.00
2	100 mA Mobile Diagnostic X-Ray Machine	04 Nos.	₹8,00,000.00
	TOTAL ESTIMATED COST	08 Nos.	₹68,00,000.00

Total estimated value: Rupees Sixty-Eight Lakh only.
Place of Delivery and Installation: Sadar Hospital, Deoghar, Jharkhand.
Time for Completion: One month, as specified in the administrative approval, subject to the contract conditions.

3. IMPORTANT DATES

Particulars	Date / Details
Publication of Tender Notice	22.10.2026
Commencement of Bid Submission	As displayed on the designated portal
Last Date and Time for Bid Submission	03.11.2026, as specified on the portal
Technical Bid Opening	As notified on the portal
Financial Bid Opening	To be notified to technically qualified bidders
Bid Validity	180 days from the date of opening of the technical bid, unless otherwise specified

14. CONTACT AND CLARIFICATIONS
1. Clarifications may be sought from the Office of the Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Deoghar, during office hours and in accordance with the procedure prescribed on the designated procurement portal.
2. Office Address: Office of the Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Deoghar, Jharkhand.
3. Email: deoghar.cs1@gmail.com
4. Telephone: 9534117677
5. Corrigendam and amendments, if any, shall be published through the designated procurement portal and/or official departmental website, as applicable.

Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer
Deoghar, Jharkhand

PR.NO.392144 Deoghar(26-27):D

कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर

बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना

पत्रांक............../दिनांक...............

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पुराना बस स्टैण्ड झरना चौक, देवघर बन्दोवस्ती हेतु नीचे दिये सम्मुख स्तंभ में अंकित अवधि के लिए नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के कार्यालय प्रकोष्ट में निम्नानुसार की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित शर्त्तों को पूरा करते हुए खुली डाक में भाग लेने हेतु आवेदन दिनांक 30.10.2026 को 02:00 अप0 बजे तक नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्रयोजन :– दो पहिया तथा Light Motor Vehicle पार्किंग एवं डिजनीलैंड मेला, अन्य मेला, बाजार, अस्थाई दुकान, फूडकोर्ट, फेस्टीवल भेन्यू हेतु।

क्र0	सैरात का नाम	डाक की न्यूनतम राशि	बन्दोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (बैंक ड्राफ्ट)	डाक की तिथि
1	देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पुराना बस स्टैण्ड झरना चौक, देवघर की बन्दोवस्ती। (लगभग 01 एकड़) दिनांक–01.11.2026 से 30.09.2027 तक (ग्यारह माह हेतु)	Rs. 35,00000.00 (Thirty-Five Lac)	Rs. 8,75,000.00 (Six Lac Twenty Five Thousands)	दिनांक 30.10.2026 समय अप0 03 बजे

नोट :– आवेदनकर्ता को आवेदन शुल्क के रूप में Rs.10,000.00 (जो वापस नहीं होगा) राशि को **Municipal Commissioner, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar** के नाम से डी0डी0 आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. डाक संबंधी विस्तृत विवरणी प्राप्त करने हेतु कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त
देवघर नगर निगम, देवघर

PR 392122 Deoghar(26-27).D

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj
e-Procurement Notice

Very-Very Short Term Tender

Tender Reference No.- DWSD/SAHIBGANJ-05/2026-27 (5th Call) (e-Tender) Date- 21.10.2026

1	Name of Work :	Operation & Maintenance of 27.0 MLD WTP at Hathi Park, Intake Floating Jetty at River Ganga, Chanan, Raw Water & Clear Water Rising Main D.I K-9 from Intake Floating Jetty at River Ganga, Chanan to WTP to ESR at Sahibganj and Distribution Pipe line under Urban Water Supply Scheme for 2 (Two) Years under D.W.& S. Division, Sahibganj ''on Turn Key basis.''(Excluding the cost of energy charges).
2	Department Name :	Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi.
3	Name & Address of the Office Inviting Tender	Executive Engineer, D.W.&S. Division, Sahibganj.
4	Estimated Cost	Rs. 1,35,26,169.00
5	Earnest Money	Rs. 2,71,000.00
6	Cost of BOQ (In Rs.)	Rs. 10,000.00
7	Time of Completion	24 Months
8	Date of Publication of Tender/Time on Website :	23.10.2026 / 05 : 00 PM
9	Last date /Time for receipt of Online Bid	30.10.2026 / 05 : 00 PM
10	Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ (As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand)	30.10.2026 / 05 : 00 PM
11	Date of Opening of Tender /Time:	31.10.2026 / 05: 00 PM
12	Name &Address of Tender Opening Officer :	Executive Engineer, D.W.&S. Division, Sahibganj.
13	Contact no. of Procurement Office :	9431749737
